दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै

वर्ष: 2 | अंक: 306 | जयपुर, रविवार, 15 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | youtube.com/c/TheAawaz | instagram.com/bedhadaksach

**वर्ल्ड कप-IND vs PAK: टीम इंडिया ने जीता महामुकाबला, पहले गेंदबाज गरजे... फिर बल्लेबाज बरसे**

# रोहित की पारी... पड़ी पाक पर भारी, भारत की 7 विकेट से 8वीं जीत

■ पाकिस्तान की टीम 50 ओवर भी नहीं खेल सकी ■ 42.5 ओवर में 191 रन पर पूरी पाक टीम ढेर

### ■ इंडिया ने बनाए मात्र 30.3 ओवर में 3/192

**एजेंसी** | अहमदाबाद

टीम इंडिया ने शनिवार को आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के 12वें मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया है। यह पाकिस्तान पर भारत की विश्व कप में लगातार 8वीं और इस वर्ल्ड कप में लगातार तीसरी जीत है। इस धमाकेदार जीत के साथ भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है। पाकिस्तान की टीम टॉस हारने के बाद शनिवार को अहमदाबाद में पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.5 ओवर में सिर्फ 191 रन ही बना सकी। इसके जवाब में भारतीय टीम ने रोहित शर्मा की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 117 गेंद शेष रहते 7 विकेट से ये मैच अपने नाम किया। 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दो मैच मिस करने वाले शुभमन गिल अपने पहले विश्व कप मैच में सिर्फ 16 रन ही बना सके। इसके बाद विराट कोहली 16 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौटे। उधर, दूसरे एंड से रोहित ने धुआंधार पारी जारी रही। रोहित 63 गेंद में 86 रन बनाकर जीत पक्की करके आउट हुए। बाकी का काम श्रेयस अय्यर (53) और केएल राहुल (19) ने पूरा कर दिया।



### 4 बॉलर को 2-2 विकेट
### बुमराह मैन ऑफ द मैच

भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान की ओर से कप्तान बाबर आजम ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। 7 ओवर में एक मेडन फेंक मात्र 19 रन पर 2 विकेट लेने वाले बुमराह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### टीम इंडिया टॉप पर

इस वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की ये लगातार तीसरी जीत है। पाकिस्तान पर इस धमाकेदार जीत के साथ भारतीय टीम वर्ल्ड कप की पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है।

### ऐसे गिरे पाकिस्तान के विकेट

पाकिस्तान के इमाम उल हक और अब्दुल्लाह शफीक के बीच पहले विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी हुई। मोहम्मद सिराज ने 8वें ओवर में शफीक को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। श्रीलंका के खिलाफ 113 रन ठोकने वाले अब्दुल्लाह 24 गेंद में 20 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान का दूसरा विकेट 13वें ओवर में गिरा। हार्दिक पांड्या ने इमाम उल हक को कैच आउट करवाया। इमाम 38 गेंद में 36 रन बनाकर आउट हुए। बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की साझेदारी भारत के लिए चिंता पैदा करती दिखी, तभी मोहम्मद सिराज ने कप्तान बाबर आजम को क्लीन बोल्ड कर दिया। बाबर ने 58 गेंद में 50 रन बनाए। बाबर के आउट होने के वक्त टीम का स्कोर तीन विकेट पर 155 रन था, फिर तू चल मैं आया की तर्ज पर पाकिस्तान ने 36 रन के अंदर 8 विकेट गंवा दिए।




## जरूरी खबर

### नवरात्र आज से अभिजित मुहूर्त में करें घट स्थापना



**जयपुर**। शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र आश्विन शुक्ल प्रतिपदा रविवार से शुरू हो रहा है। इस अवसर पर घर-घर में घट स्थापना होगी। तिथि के प्रारम्भ में चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग होने के कारण अभिजित समय दोपहर 11:50 से 12:36 तक घट स्थापना श्रेष्ठ होगी। इसके अलावा प्रातः काल 6:30 से 8:47 तक और चौघड़ियों के हिसाब से प्रातः 7:55 से 12 :13 तक चर, लाभ, अमृत दोपहर बाद 1:38 से 3:04 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

■ पेज 3 भी देखें

### जयपुर एयरपोर्ट पर पकड़ा 5 किलो सोना



**जयपुर**। यहां एयरपोर्ट पर शनिवार को कस्टम विभाग ने कार्रवाई करते हुए तस्करी का 5 किलो सोना जब्त किया। जानकारी के अनुसार जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दुबई से आने वाली फ्लाइट IX 196 तस्करी कर जयपुर लाया जा रहा था। तस्करी कर सोना लाने वाला आदमी सीकर का रहने वाला था। तस्कर सोने को कॉफी मशीन में छिपा कर लाया था। उसे कस्टम विभाग ने गिरफ्तार कर लिया गया।

**कांग्रेस के प्रत्याशियों की पहली सूची पर माथापच्ची**

# स्क्रीनिंग कमेटी ने किया मंथन, 17 को करेंगे जारी

■ पहली सूची में करीब 70 नाम, सभी 200 सीटों को लेकर हुई चर्चा

■ सभी सर्वे और डाटा रिपोर्ट के आधार पर हुई हर सीट पर वन टू वन चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस में टिकटों पर मंथन लगातार जारी है। प्रत्याशियों के चयन के लिए शुक्रवार को जयपुर में प्रदेश इलेक्शन कमेटी की बैठक होने के बाद दिल्ली में शनिवार को कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई।

इसमें कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, वरिष्ठ नेता एवं पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री सहित कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में सभी 200 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा की गई। दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक साढ़े 4 घंटे तक चली। इसमें काफी मंथन के बाद पहली सूची को अंतिम रूप दिया गया। बताया जा रहा है कि पहली सूची में ऐसे 70 नाम होंगे, उन नामों को लेकर संबंधित विधानसभा क्षेत्र में कोई विवाद नहीं है। अब 17 अक्टूबर को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद पहली सूची जारी हो जाएगी।



### सीईसी की बैठक में पेश होगा 3-3 नाम का पैनल

प्रदेश इलेक्शन कमेटी में तय हुए 5-5 नामों के पैनल को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में रखा गया। हर नाम को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद कमजोर उम्मीदवारों को बाहर करते हुए 3-3 नामों का पैनल तैयार किया गया, जिसे केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा जाएगा। अंत में कांग्रेस की पहली सूची पर आलाकमान अंतिम मुहर लगाएगा।

### सर्वे के आधार पर किया नामों पर विचार

स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में हर एक सीट को लेकर नेताओं ने वन टू वन चर्चा की, जिसमें सभी सर्वे और डाटा रिपोर्ट के आधार पर पैनल में मिले दावेदारों के नामों को लेकर चर्चा हुई। वहीं, सर्वे के अनुसार उन सीटों, जिन पर हार सकते हैं, पर भी चर्चा हुई। साथ ही, ऐसी 54 सीटें, जो कांग्रेस की डी श्रेणी में आती है उन सीटों पर जीत की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। वहीं, ऐसे विधायक जो सर्वे में नहीं जीत रहे, उनकी जगह प्रत्याशी बदलने को लेकर मंथन हुआ कि कौन जिताऊ हो सकता है, उसके क्या समीकरण हैं। इसके साथ ही इस बात पर भी चर्चा हुई कि ऐसी कौनसी पार्टियां हैं, जिनसे कांग्रेस अलायंस कर सकती है और कौनसी सीट उन्हें दे सकती है। वहीं, भाजपा की पहली सूची के बाद उन सीटों पर प्रत्याशी उतारने, प्रत्याशी बदलने, युवाओं को मौका देने, एंटीइनकम्बेंसी से निपटने, बागियों से निपटने और डैमेज कंट्रोल को लेकर बातचीत हुई।

### सर्वे के फीडबैक पर निर्भर

बैठक से पहले सीएम गहलोत ने कहा कि टिकट का वितरण सर्वेक्षण के आधार पर होगा। एंटी इनकम्बेंसी नहीं है। अगर विधायक से किसी को शिकायत है, तो सर्वेक्षण रिपोर्ट है। सर्वेक्षण के फीडबैक पर सबकुछ निर्भर करेगा। वहीं, बैठक के बाद डोटासरा ने कहा कि सभी सीटों के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जो नाम आए थे, उनके साथ सर्वेक्षण में आए नामों को मिलाकर चर्चा हुई। हर सीट के संबंध में चर्चा हुई। केंद्रीय चुनाव समिति जब बुलाएगी, तो हम जाएंगे। 2-4 दिन में सीईसी की बैठक होगी।

**पेपर लीक प्रकरण में ईडी की कार्रवाई**

# छापे में जब्त हुए 24 लाख रुपए और मामले से जुड़े दस्तावेज

**बेधड़क** | जयपुर

पेपर लीक मामले में शुक्रवार को हुई ईडी की कार्रवाई में 24 लाख की नकदी और पेपर लीक से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय ने अधिकारिक बयान में बताया कि ईडी ने वरिष्ठ शिक्षक द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा, 2022 पेपर लीक मामले में दिनेश खोड़निया, अशोक जैन, स्पर्धा चौधरी, सुरेश ढाका व अन्यों के 7 ठिकानों पर छापेमारी की।

इनके आवासीय परिसरों पर पीएमएलए, 2002 के तहत तलाशी अभियान चलाया। इसमें विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, विभिन्न संपत्तियों के बिक्री के कागजातों की प्रतियां, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 24 लाख रुपए नकद जब्त किए गए। गौरतलब है कि पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने कई नेताओं के करीबी लोगों के घर और दफ्तरों पर छापेमारी की थी। शुक्रवार सुबह टीम जयपुर, जोधपुर और डूंगरपुर में करीब 7 जगहों पर पहुंची।

यह सभी मकान और दफ्तर दिनेश खोड़निया, स्पर्धा चौधरी और अशोक जैन के थे।




### ऐसे जुड़े आरोपियों के तार

बताया जा रहा है कि आरएलपी की कार्यकर्ता रह चुकी और राजस्थान विश्वविद्यालय से छात्रसंघ का चुनाव लड़ चुकी स्पर्धा चौधरी पेपर लीक मामले में फरार चल रहे सुरेश ढाका की दोस्त हैं। पेपर लीक से जुड़े मामले में भूपेंद्र सारण से पूछताछ में खोड़निया की जानकारी मिली। इसके बाद दिनेश खोड़निया पर पेपर लीक के मुख्य आरोपी सुरेश ढाका को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप लगा है।

**राजस्थान हाई कोर्ट का प्लेटिनम जुबली समारोह**

# 'न्याय प्रणाली में बदलाव की दरकार'

**बेधड़क** | जयपुर

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 'जब मैं जवान था, तब मुझे घेवर-कचौरी पसंद थी। अब राजस्थान में ज्यूडिशरी का फेस चेंज हो रहा है। डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशरी में 562 महिलाएं हैं। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि महिला सशक्तीकरण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान हाई कोर्ट को इस मामले में बधाई देता हूं कि टेक्नोलॉजी के मामले में भी राजस्थान हाई कोर्ट आगे है। वीसी के माध्यम से जयपुर और जोधपुर में एक साथ केस सुन लेते हैं, यह अच्छा तरीका है।



सीजेआई शनिवार को सीतापुरा के जेईसीसी में आयोजित राजस्थान हाई कोर्ट की प्लेटिनम जुबली समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की ज्यूडिशियरी में देश की ज्यूडिशियरी का चेहरा दिखता है। उन्होंने कहा कि कोविड काल में भी राजस्थान वीसी से सुनवाई में आगे रहा। समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जज पंकज मित्थल और गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संदीप मेहता सहित कई न्यायविद् एवं अधिकारी मौजूद रहे।

**भ्रष्टाचार पर कैसे लगे लगाम!**

# 481 भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ केस चलाने की नहीं मिल रही परमिशन

- घूसखोरों को बचाने में स्वायत्त शासन और पंचायतीराज विभाग सबसे आगे
- राज्य के 44 विभागों के एचओडी रोके बैठे हैं स्वीकृति की फाइल
- 481 अफसर और कर्मचारियों में से 253 रंगे हाथों हुए हैं ट्रैप

**ओमप्रकाश शर्मा** | बेधड़क

**जयपुर**। घूसखोरों पर सरकारी विभागों के अफसरों की मेहरबानी बनी हुई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्रदेश में 44 विभागों के अफसर 481 अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस चलाने की मंजूरी नहीं दे रहे हैं।

घूस के आरोपियों को बचाने में स्वायत्त शासन विभाग और पंचायतीराज विभाग के अफसर सर्वाधिक मेहरबान है। स्वायत्त शासन विभाग 99 कर्मचारी-अफसर और पंचायतीराज विभाग 86 अफसरों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति नहीं दे रहे हैं। ऐसे आरोपियों में से 163 ने पद का दुरुपयोग किया और 253 ट्रैप हुए थे।




### केंद्र में भी अटकी पड़ी है फाइलें

केन्द्रीय कार्मिक विभाग भी पद के दुरुपयोग व भ्रष्टाचार के मामले में आईएएस नीरज के पवन, निर्मला मीणा व नन्नूमल पहाड़िया और आईपीएस मनीष अग्रवाल के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी की फाइल दबाए बैठा है। एसीबी इन अफसरों के खिलाफ पिछले चार साल में रुकी मंजूरी के लिए कई दफा रिमाइडंर भी दे चुका है। भ्रष्टाचार के आरोपियों में आरएएस और आरपीएस रैंक के अफसर भी शामिल हैं।

### पुलिस विभाग में केस चलाने की मंजूरी तत्काल

पड़ताल में सामने आया कि प्रदेश में सबसे ज्यादा घूस के मामले पंचायतीराज विभाग के बाद पुलिस महकमे में सामने आते हैं। पिछले दो साल में एसीबी ने लगभग 100 पुलिसकर्मियों को घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जिला एसपी व पुलिस मुख्यालय स्तर पर ऐसे लगभग तमाम पुलिस कर्मियों के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दी जा चुकी है। केवल 9 प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति बाकी है।

### रंगे हाथों दबोचे, लेकिन अभियोजन नहीं

एसीबी द्वारा मांगी गई अभियोजन स्वीकृति की पड़ताल में सामने आया कि 487 अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी मांगी थी। इनमें से एसीबी ने 253 अफसर-कर्मचारियों को तो घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इसके बाद भी केस चलाने की मंजूरी पिछले चार साल से पेंडिंग चल रही है। वहीं, 163 अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ एसीबी जांच में पद का दुरुपयोग करने के आरोप साबित हो चुके हैं, लेकिन उनके खिलाफ विभाग के जिम्मेदार अफसर केस चलाने की मंजूरी नहीं दी।

| विभाग | स्वीकृति पेंडिंग |
|---|---|
| राजस्व विभाग | 32 |
| पंचायतीराज विभाग | 86 |
| चिकित्सा | 23 |
| स्वायत्त शासन विभाग | 99 |
| पीडब्ल्यूडी | 24 |
| कार्मिक विभाग | 52 |
| खनिज विभाग | 12 |
| कृषि | 11 |
| महिला एवं बाल विकास | 16 |
| शिक्षा विभाग | 13 |
| परिवहन विभाग | 14 |

## जरूरी खबर

### सीएम साहब! हर गलती कीमत मांगती है: राठौड़



**जयपुर।** कर्नल केसरी सिंह को आरपीएससी सदस्य बनाए जाने को लेकर सीएम अशोक गहलोत की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण के बाद भाजपा उन पर हमलावर हो गई हैं। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि हर गलती सजा मांगती है। आखिरकार कब तक गलतियों पर गलतियां सीएम करेंगे। सीएम गहलोत ने पहले महाभ्रष्ट आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा की नियुक्ति करके गलती की। इसी प्रकार डीपी जारोली की नियुक्ति करके गलती की, जिसे बर्खास्त करना पड़ा।

### अपराधों को लेकर फिर साधा भाजपा ने निशाना

**जयपुर।** प्रदेश में आपराधिक गतिविधियों को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा है। शर्मा ने कहा कि सरेराह हत्या, नाबालिग छात्राओं के साथ दुष्कर्म जैसी हृदय विदारक घटनाएं रोज हो रही हैं। यह घटनाएं दर्शाती है कि प्रदेश में कानून का राज खत्म हो गया है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। शर्मा ने कहा कि बच्चियां अब शिक्षा के मंदिरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। आम आदमी सुरक्षित सड़कों पर निकल नहीं सकता है। इस कांग्रेस की सरकार ने हंसते खेलते प्रदेश को अपराधियों के हवाले कर दिया है।

### जनक सिंह मीणा आजीवन सदस्य नियुक्त



**जयपुर।** केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात, गांधीनगर के महात्मा गांधी चिंतन एवं शांति अध्ययन केंद्र के चेयरपर्सन प्रोफेसर जनक सिंह मीणा को स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति का आजीवन सदस्य नियुक्त किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र मौर्य ने प्रो. मीणा को सदस्यता का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रो. जनक सिंह मीणा न्यू पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन समिति के अध्यक्ष एवं भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद के कार्यकारिणी सदस्य हैं। प्रो. मीणा जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में भी सहआचार्य के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं और आदिवासी अध्ययन केंद्र के संस्थापक निदेशक रह चुके हैं। वे राष्ट्रीय शोध पत्रिका अरावली उद्घोष के प्रधान संपादक हैं।

---

कांग्रेस की सूची आने से पहले ही जयपुर से शुरू हुआ विधायकों का विरोध दिल्ली वॉर रूम तक पहुंचा

# टिकट की टिक-टिक के बीच विरोध व नारेबाजी का दौर जारी

■ जाहिदा खान सहित कई विधायको के टिकट काटने की उठ रही मांग

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर अपने-अपने दावेदारों को टिकट की सूची में मजबूत दिखाने के लिए राजनीतिक पार्टियों में विरोध और नारेबाजी का दौर जारी हैं। कांग्रेस में किसी भी सीट के लिए भले ही अभी टिकट वितरण नहीं हुआ हो और पहली सूची आने का अभी इंतजार हो रहा हैं, लेकिन




इस बीच कई जगह से पहले ही मौजूदा विधायकों की दावेदारी को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं का विरोध शुरू हो गया हैं। जयपुर से शुरू हुआ यह विरोध दिल्ली तक पहुंच गया हैं। शनिवार को दिल्ली में 15, जीआरजी कांग्रेस वॉर रूम में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लगाने को लेकर चल रहे मंथन के दौरान भी यह नजारा देखने को मिला। दिल्ली में कांग्रेस वॉर रूम के अंदर पहली सूची को लेकर मंथन चलता रहा।

वहीं बाहर कामां से विधायक जाहिदा खान को टिकट नहीं देने की मांग को लेकर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने लगातार नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मांग है कि कामां से जाहिदा खान को टिकट नहीं दिया जाए। हालांकि कुछ देर बाद जाहिदा खान के समर्थक भी पहुंचे दिल्ली वॉर रूम के बाहर पहुंच गए, जहां जाहिदा का टिकट कटवाने वाले विरोधी और समर्थक आमने-सामने हो गए। यह स्थिति देख मौके पर प्रशासन को अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात करना पड़ा।

### जयपुर से शुरू हुआ था विरोध

जयपुर स्थित कांग्रेस वॉर रूम के शुक्रवार को हुई प्रदेश चुनाव समिति की बैठक के दौरान भी ऐसा ही विरोध देखने को मिला। वॉर रूम में जब सीएम अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित कई नेता प्रदेश चुनाव समित की बैठक कर रहे थे तब वॉर रूम के बाहर विधायक अमीन कागजी, रफीक खान, दानिश अबरार, अनिल शर्मा, मंत्री जाहिदा और फुलेरा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे विद्याधर चौधरी सहित करीब एक दर्जन नेताओं के टिकट की दावेदारी के विरोध में जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया गया। हालांकि प्रदेश चुनाव समिति की बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदर्शन कर लोगों के बीच पहुंचे और उनकी बात सुनी।

### विधायक के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी आम

हालांकि सभी नेता भी यह स्वीकार कर चुके है कि चुनाव भले ही किसी भी राज्य में कोई भी पार्टी लड़े, लेकिन विधायक के खिलाफ हमेशा एंटी इनकंबेंसी होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि विधायक सीधे जनता से जुड़ा होता है। ऐसे में उसके खिलाफ यह बातें आम हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खुद कह चुके है कि यह विरोध सच्चाई भी हो सकती है या फिर उस विधायक के खिलाफ षड्यंत्र भी हो सकता है।

---

नवरात्र लेकर आया राज योग, ज्योतिषियों ने सुझाई शुभ तारीख

# इन्हीं नौ दिनों में जारी होगी सभी पार्टियों की पहली सूची

बेधड़क | जयपुर

आज से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र चुनाव लड़ने को तैयार प्रत्याशियों के लिए राजनीतिक योग लेकर आए हैं। लंबे समय से नवरात्र की शुभ घड़ी का इंतजार कर रही भाजपा, कांग्रेस व तीसरा मोर्चा सहित सभी पाटियां चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारने की शुरूआत करेगी।

इसके लिए राजनीतिक पार्टियों से जुड़े नेता ज्योतिषियों के चक्कर लगा रहे हैं। इसमें वह प्रत्याशियों की सूची जारी करने और जिनकी सूची जारी हो गई वह अपने चुनावी आगाज अभियान की शुरूआत करने को लेकर शुभ मुहूर्त ज्योतिषियों से पूछ रहे हैं।

ज्योतिषियों का कहना है कि वैसे तो पूरे नौ दिन ही किसी भी कार्य करने को लेकर शुभ है, लेकिन 15, 18, 20, 22 और 23 अक्टूबर टिकट वितरण और प्रचार अभियान की शुरूआत करने के लिए शुभ है। इस नवरात्र में भाजपा अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी करेगी। हालांकि पहली सूची भाजपा श्राद्ध पक्ष में जारी कर चुकी है लेकिन यह सूची जारी होने के बाद से विरोध और बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। अब भाजपा दूसरी सूची ज्योतिष की बताई गई तारीखों में किसी एक तारीख को घोषित करेगी। वहीं भाजपा अपना घोषणा पत्र भी जारी करेगी।



> नवरात्र से नए कार्य की शुरूआत होती है। इसलिए चुनाव कार्य भी अब से शुरू होंगे। शास्त्रों के अनुसार श्राद्ध पक्ष में कोई भी नया और शुभ कार्य वर्जित माना गया हैं। नवरात्र उन्नति और प्रगति देने वाले होते हैं। इस बार नवरात्र के पूरे नौ दिन शुभफलदायी हैं। फिर भी 15,18, 20, 22 और 23 अक्टूबर के दिन चुनाव कार्यों के हिसाब से ज्यादा शुभ मुहूर्त हैं। इनमें टिकिट वितरण, नामांकन भरना, प्रचार, बड़ी सभा की जा सकती हैं। भाजपा ने जो सूची श्राद्ध पक्ष में निकाली है, अवश्य ही उस पर काम श्राद्ध पक्ष से पहले ही हो गया होगा, उस दिन सिर्फ एक घोषणा की गई होगी।
>
> **पंडित दामोदर प्रसाद,** निर्माता, पंडित बंशीधर ज्योतिष पंचांग

### कांग्रेस भी जारी करेगी पहली सूची

वहीं कांग्रेस भी अपने प्रत्याशियों की पहली सूची इसी नवरात्र में जारी करेगी। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने संकेत दिए है कि कि आगामी 2 से 4 दिन बाद सूची आएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि 18 तारीख को पहली सूची आ सकती हैं। वहीं 16 अक्टूबर से ही नवरात्र में केंद्र की भाजपा सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस राजस्थान के 13 जिलों में ईआरसीपी को मुद्दा बनाते हुए 5 दिवसीय यात्रा की शुरूआत करेगी। इसके अलावा आप भी प्रत्याशियों की पहली सूची इन नौ दिनों में ही जारी करेगी। वहीं प्रदेश में सक्रिय तीसरे मोर्चे के कई दल अपने उम्मीदवार मैदान में उतारने की तैयारी कर रहे हैं।

### पार्टियों के केंद्रीय नेताओं के होंगे दौरे

चुनावी अभियान का आगाज करने के लिए कांग्रेस व भाजपा के केंद्रीय नेताओं के दौरे भी इन नौ दिनों में होंगे। 16 अक्टूबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राजस्थान में आएंगे और इसके बाद 20 अक्टूबर को प्रियंका गांधी आएंगी। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह सहित कई नेताओं के दौरे प्रस्तावित हैं।

### आज से चुनाव प्रचार में आएगी तेजी

झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से पहली सूची में भाजपा प्रत्याशी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ रविवार से झारखंड महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। वहीं विद्याधर नगर से प्रत्याशी दीया कुमारी पहले नवरात्र स्थापना करेंगी और देव-दर्शन यात्रा की शुरूआत कर अपना चुनाव अभियान प्रारंभ करेंगी। वहीं अन्य विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पहुंच कर दर्शन और पूजा करेंगे।

---

भाजपा में बगावत का दौर जारी

# विरोध प्रदर्शन के साथ शुरू हुए इस्तीफों के दौर से बढ़ी मुश्किलें

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा की पहली सूची जारी हो गई हैं। 41 प्रत्याशियों को मैदान में उतारे जाने के बाद से पार्टी में टिकट कटने से नाराज नेताओं के समर्थकों का विरोध प्रदर्शन जारी हैं। जयपुर स्थित पार्टी मुख्यालय के बाहर समर्थक रोज विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अब बवाल भाजपा कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन से बढ़कर इस्तीफों तक जा पहुंचा है।

कोटपूतली से मुकेश गोयल की समर्थक शनिवार को भाजपा



कार्यालय पहुंचे, जहां पर संगठन से जुड़े सैकड़ों पदाधिकारियों ने टिकट पर पुनर्विचार नहीं करने की स्थिति में इस्तीफे देने का दावा किया। वहीं सांचौर से सांसद देवजी पटेल को टिकट देने का लगातार विरोध जारी हैं। सांचौर के 6 मंडल अध्यक्षों ने इस्तीफा देने का दावा किया हैं।

### संख्या बल के साथ दिखाई ताकत

सांचौर, किशनगढ़, झोटवाड़ा, विद्याधर नगर, बानसूर, देवली-उनियारा सहित अन्य जगहों से भी अपने नेता को टिकट नहीं मिलने से नाराज समर्थकों का पार्टी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन जारी रहा। वहीं टिकट कटने के बाद दावेदारों ने शक्ति प्रदर्शन भी तेज कर दिया है। झोटवाड़ा से टिकट की दावेदारी कर रहे है नेताओं ने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया।

### वसुंधरा राजे के घर जुटी भीड़

शनिवार को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के निवास पर भी समर्थकों की भीड़ जुटी। इस दौरान वे नेता और उनके समर्थक राजे से मिलने पहुंचे जिनके टिकट पहली सूची में कट गए है या फिर जिन्हें राजे के खेमे का माना जाता हैं। इन नेताओं ने राजे से मुलाकात कर अपनी बात रखी।

---

सीएम गहलोत पर दिल्ली के सत्र न्यायालय ने दिए आदेश

# मानहानि केस में अंतिम फैसले पर रोक

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा संजीवनी घोटाले को लेकर दर्ज मानहानि मुकदमे ने शनिवार को दिल्ली के एक सत्र न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने गहलोत के खिलाफ मानहानि की आपराधिक शिकायत के सिलसिले में अंतिम आदेश पारित करने पर रोक लगाने का निर्देश दिया हैं। सत्र अदालत ने निर्देश दिया है कि सुनवाई की अगली तारीख तक अंतिम आदेश पारित नहीं किया जाए।

वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से दायर एक पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई





कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने निचली अदालत को इस मामले में दलीलें सुनना जारी रखने की अनुमति दी कि क्या एक मुख्यमंत्री के खिलाफ नोटिस तैयार किया जाए।

न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने कहा कि मामले को लेकर निचली अदालत आईपीसी की धारा 500 के तहत अपराध को लेकर याचिकाकर्ता को नोटिस देने की आवश्यकता पर दलीलें सुनना जारी रख सकती है, लेकिन वर्तमान पुनरीक्षण याचिका में सुनवाई की अगली तारीख तक इस संबंध में कोई अंतिम आदेश पारित नहीं किया जाएगा।'

### यह है पूरा मामला

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और जोधपुर से सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत ने संजीवनी घोटाले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा लगाए आरोप को लेकर मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष अपनी शिकायत पेश की थी। शिकायत में शेखावत ने आरोप लगाया था कि गहलोत कथित घोटाले को लेकर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं और उनकी छवि खराब करने तथा उनके राजनीतिक करियर को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। शेखावत ने आरोप लगाया था कि गहलोत ने प्रेस वार्ता, मीडिया खबर और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्हें सार्वजनिक रूप से बदनाम किया।

---

चुंगी नाका चौराहे पर नाकाबंदी में की कार्रवाई

# कार से 53 लाख की नकदी जब्त दो युवकों को हिरासत में लिया

■ इतनी राशि कहां से लाए और कहां ले जा रहे थे, जांच जारी

बेधड़क | ब्यावर

विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेशभर में पुलिस की सख्त नाकाबंदी जारी है। शनिवार शाम पुलिस ने लग्जरी कार से 53 लाख की नकदी बरामद कर चालक सहित दो युवकों को हिरासत में लिया है। इनसे देर शाम तक पूछताछ की जा रही थी। एसपी नरेंद्र सिंह चौधरी के अनुसार



उदयपुर रोड चुंगी नाका चौराहे पर नाकाबंदी की गई।

अजमेर की तरफ से एक कार तेज रफ्तार से आती देख पुलिस टीम ने उसे रोक कर तलाशी ली। कार में रखे बैग में 53 लाख की नकदी बरामद की गई। जोधपुर निवासी सुरेंद्र सिंह और विरेंद सिंह को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई। रिटनिंग अधिकारी मृदुल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी। जिसे उन्होंने एसपी के साथ साझा की। रिटनिंग अधिकारी ने भी मौके पर पहुंच युवकों से नकदी को लेकर गहन पूछताछ की।

इधर, एएसपी हिमांशु जांगिड़ ने भी नकदी कहां से लाने और किसे दिए जाने के बारे में गहन पूछताछ की। युवकों ने पुलिस को गुमराह करने का पूरा प्रयास किया। उन्होंने नकदी सांवर माइंस से लेकर जोधपुर ले जाने की बात कही। पुलिस इसकी पड़ताल में जुटी है।

---

ईडी की छापेमारी के बाद खोड़निया मीडिया से रू-ब-रू

# ईडी रेड मामले में सांसद किरोड़ी पर करेंगे मानहानि का दावा: खोड़निया

■ कटारा से कोई लिंक है तो इतने दिन ईडी ने क्यों नहीं की कार्रवाई?

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत के करीबी माने जाने वाले कांग्रेसी नेता दिनेश खोडनिया के घर पर शुक्रवार को पेपर लीक मामले को लेकर ईडी की रेड पड़ी थी। ईडी ने शुक्रवार को खोड़निया और उनके समधी पर सागवाड़ा में उनके घरों पर छापेमारी की थी जो रात 1 बजे तक चली थी। गौरतलब है कि भाजपा के राज्य सभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने पेपर लीक

## भाजपा विधानसभा चुनाव में कर रही है केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग



प्रकरण में कांग्रेसी नेता खोड़निया की भूमिका होने का आरोप लगाया था।

वहीं मीणा ने पेपर लीक प्रकरण में आरोपी और आरपीएससी के सदस्य बाबूलाल कटारा की नियुक्ति को लेकर भी खोड़निया पर सिफारिश का आरोप लगाया था। शनिवार को खोड़निया ने ईडी की पूछताछ के बाद डूंगरपुर के कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकरी दी। उन्होंने कहा कि पेपर लीक प्रकरण और बाबूलाल कटारा की नियुक्ति में उनका कोई लिंक नहीं था।

### ब्लैकमेलिंग व डराने की राजनीति करते हैं मीणा

खोड़निया ने कहा कि राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने इस बार गलत जगह हाथ डाला है। वे ब्लैकमेलिंग व डराने की राजनीति करते आए हैं, लेकिन उनकी ब्लैकमेलिंग व धमकी यहां नहीं चलेगी। उनके पास मिलीभगत के कोई सबूत हों, तो उसे पेश करें। उन्होंने कहा कि किरोड़ी लाल मीणा पर मानहानि का केस करेंगे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में कई लोगों के लिए सिफारिशें होती हैं। उदयपुर संभाग के कई कांग्रेसी नेताओं ने कटारा के लिए सिफारिश की थी। खोड़निया ने कहा कि ईडी अधिकारियों ने पूछा था कि आपने बाबूलाल कटारा की नियुक्ति कैसे करवाई? तो मैंने यही कहा कि मैं कैसे अपॉइंट करवा सकता हूं। उन्होंने कहा कि कटारा के लिए सिर्फ मैंने ही नहीं बल्कि कई विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों ने सिफारिश की थी। ये मानना या नहीं मानना ऊपर वालों का काम है।

### राजनीति से प्रेरित है ईडी की कार्रवाई

मीडिया से रूबरू होते हुए खोड़निया ने कहा कि प्रदेश में आए दिन हो रहीं ईडी की कार्रवाई केवल राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए भाजपा ईडी की कार्रवाई करवा रही हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक प्रकरण में कटारा और सारण की गिरफ्तारी बहुत पहले हो चुकी थी, यदि मेरा उनसे किसी भी प्रकार का कोई लिंक होता तो ईडी ने अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की? उन्होंने कहा कि बीजेपी कांग्रेस पार्टी व उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ईडी व इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में चुनावों में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। आचार संहिता लगने के बाद जो कार्रवाई का समय है, वो गलत है। इससे कहीं न कहीं मंशा साफ दिखती है।

### उन्हें और उनके परिवार को लगी ठेस

खोड़निया ने कहा कि सांसद मीणा राजनीति में सारी मर्यादाएं तोड़ चुके हैं। वे जब मर्जी तब धरने पर बैठ जाते हैं। जब मर्जी तब जनता और अधिकारियों को परेशान कर देते हैं। किरोड़ी लाल की जब मर्जी होती है तब हर किसी के कागज ईडी में देकर आ जाते हैं और अगले दिन गायब हो जाते हैं। खोड़निया ने कहा कि मीणा की इन सब एक्टिविटी की भी जांच होनी चाहिए। खोड़निया ने कहा वे कार्रवाई के बाद से मीणा को फोन कर रहे हैं, मगर वो फोन नहीं उठा रहे हैं। खोड़निया बोले कि इस कार्रवाई से उन्हें, उनके परिवार एवं दोस्तों की छवि को ठेस पहुंची है, ऐसे में वे मीणा पर मानहानि का दावा करेंगे।

## प्रथम दिन शैलपुत्री की आराधना



**शारदीय** नवरात्र आज रविवार से आरम्भ हो रहे हैं। मान्यता के अनुसार मां दुर्गा पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती हैं। आदि शक्ति ने अपने इस रूप में शैलपुत्र हिमालय के घर जन्म लिया था। इसी कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। शैलपुत्री नंदी नाम के वृषभ पर सवार होती हैं और इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है।

**देवी शैलपुत्री का प्रिय पुष्प : गुड़हल।**
**देवी शैलपुत्री नैवेद्य : शुद्ध घी।**

### पूजा के समय करें इस मंत्र का जाप

**वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।**
**वृषारुढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥**

**नवरात्र शुरू:** कई जगह पर होगी सामूहिक दुर्गा पूजा, रामलीला के मंचन का भी होगा शुभारंभ

# आज घर-घर घट स्थापना, मां की नौ दिन होगी विशेष साधना

बेधड़क | जयपुर

शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र रविवार से शुरू हो रहा है। इस बार शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही है, जो कि शुभफलदायी मानी गई है। ऐसे में इस बार घर, राज्य और देश में सभी जगहों पर सुख समृद्धि बढ़ेगी। वहीं, व्यापार जगत में भी उछाल होगी।

शहर में कई जगहों पर साममहिक दुर्गा पूजा का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं, शहर के विभिन्न इलाकों में नवरात्र के प्रथम दिन से ही रामलीला शुरू हो जाएगी।

### करेंगे कठिन साधना

नवरात्रा के दौरान एक ओर जहां मंदिरों में नौ दिन के अनुष्ठान होंगे वहीं मनोरथ सिद्धि के लिए माता के भक्त भी कठिन साधना करेंगे। श्रद्धालु मंत्र जाप, शप्तशति अनुष्ठान, रामायण आदि के पाठ करते हुए एक समय भोजन या निरहार रहकर माता की साधना करेंगे।



फोटो: पंकज शर्मा

### नौ दिन बन रहे हैं विशेष योग

ज्योतिषचार्यों के अनुसार इस बार नवरात्र में पूरे नौ दिन तक विशेष योग बन रहे हैं। ये योग आमजन के लिए सुख और समृद्धिकारक माने गए हैं। पंडित बंशीधर ज्योतिष पंचांग निर्माता पंडित दामोदर शास्त्री ने बताया कि श्राद्ध पक्ष के 15 दिन बाद नवरात्र शुभफल लेकर आए हैं। हाथी पर सवार होकर जगदम्बा आई है, जो कि सभी के लिए विशेष फलदायक है। साथ ही कई दुर्लभ योग भी बन रहे हैं। सवार्थ सिद्ध योग, रवि योग भी बन रहे हैं। इसके अलावा बुधादित्य योग, सुंफा, वैश, लक्ष्मी, विषकुंभ योग, आयुष्मान और पराक्रम भी बन रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक नवरात्र के पहले दिन करीब 500 करोड रुपए का व्यापार होने की उम्मीद है।

### अमावस्या पर पितरों का किया विशेष तर्पण

शनिवार को श्राद्ध पक्ष अमावस्या पर आमजन के पितरों के लिए विशेष तर्पण किए और अपने पूर्वजों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान घरों में ब्राह्मणों को पसंदीदा भोजन कराया गया। शास्त्रों के अनुसार श्राद्धपक्ष की अमावस्या पर उन सभी पूर्वजों के लिए भी तर्पण किया जाता है, जिनकी तिथि ज्ञात नहीं होती है।

### मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

नवरात्र पर शहर के मंदिरों में भी विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। आमेर स्थित शिला माता मंदिर में मेले का आयोजन किया जाएगा। माता रानी के दर्शन के लिए आमजन पहुंचेंगे। इसके अलावा पुलिस अकादमी स्थित दुर्गा मात मंदिर, अम्बाबाड़ी दुर्गा माता मंदिर कई जगहों पर सामूहिक दुर्गा का पूजन किया जाएगा। बंगाली समाज भी दुर्गा पूजन कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। समाज की ओर से बनीपार्क में भव्य पांडाल भी बनाया गया है। वहीं, आदर्श नगर में श्री राम मंदिर प्रन्यास और श्री सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर परिसर स्थित श्री रामलीला मैदान में श्री गणेश पूजन और रामलीला का आयोजन शुरू होगा। प्रन्यास के महामंत्री इंद्र कुमार चड्ढा ने बताया कि रामलीला 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से आयोजित की जाएगी। उपाध्यक्ष अनिल खुराना ने बताया कि इस बार भी कोटा की प्रसिद्ध सुरभि कला केंद्र के कलाकार भगवान राम की लीलाओं का मंचन करेंगे।

## जरूरी खबर

### आठ बीघा पर बन रही दो कॉलोनियां को ध्वस्त किया



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन 10 और 10 ए में आठ बीघा जमीन पर बन रही दो कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रण प्रवर्तन धर्मेंद्र यादव ने बताया कि जोन 10 के बगराना में छह बीघा कृषि भूमि पर बिना जेडीए की अनुमति और भू रूपांतरण किए अवैध कालोनी बनाई जा रही थी, जिसे प्रवर्तन शाखा ने ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा जोन 10ए में पुराने बगराना में रिवर वैली के नाम से अवैध कालोनी बसाई जा रही थी, उसे भी दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया।

**गणपति प्लाजा स्थित रोयरा सेफ्टी वाल्ट पर आयकर सर्वे जारी**

# 750 लॉकर्स में तो नहीं निकली काली कमाई, क्या 350 में है?

बेधड़क | जयपुर

राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की ओर से लगाए गए एमआई रोड स्थित गणपति प्लाजा में संचालित निजी वॉल्ट के लॉकर्स में 500 करोड़ के काले धन छिपाए जाने के आरोप अभी तक सही साबित नहीं हो सके हैं। शुक्रवार शाम से गणपति प्लाजा में लॉकर्स सेवाएं देने वाली कम्पनी रोयरा सेफ्टी वाल्ट पर दूसरे दिन भी आयकर सर्वे की कार्रवाई जारी रही। आयकर अधिकारी अब तक यहां मौजूद 1100 लॉकर्स में से खाली पड़े करीब 750 लॉकर्स खोल भी चुके हैं, लेकिन इनमें कुछ भी संदिग्ध सामग्री हाथ नहीं लगी।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयकर अधिकारी अब शेष बचे करीब 350 लॉकर्स के मालिकों के दस्तावेज की जांच करेगा और गड़बड़ी पाए जाने पर आयकर कानून में नोटिस देगा। बताया जाता है कि आयकर अधिकारियों ने शनिवार देर शाम कम्पनी से लॉकर्स मालिकों का पूरा विवरण हासिल कर लिया और जांच शुरू भी कर दी। सूत्र बताते हैं कि अधिकारी अब बेनामी लॉकर मालिकों की खोज करेंगे, जिसके आधार पर आगे कार्रवाई होगी।





### कार्रवाई के लिए धरने पर बैठे थे किरोड़ी

आरोप के बाद सांसद मीणा गणपति प्लाजा स्थित कम्पनी के लॉकर परिसर में कुछ समय धरने पर भी बैठे और सक्षम एजेंसी की ओर से जांच की मांग की। इसके बाद आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने यहां सर्वे की शुरुआत की और शुक्रवार देर रात तक इस कम्पनी के संचालकों से चाबियां लेकर कर गैर आवंटित करीब 500 लॉकर्स की जांच भी कर डाली। इसके बाद शनिवार को दस्तावेज जांच के आधार पर कुछ और लॉकर्स गैर आवंटित मिले, लेकिन इसकी चाबियां देने में संचालक असफल रहे तो आयकर अधिकारियों ने इन लॉकर्स को गोदरेज कम्पनी के कर्मचारियों को बुलवा कर खुलवाया, लेकिन यह लॉकर्स भी खाली ही निकले।

### छत्तरपाल सिंह के लॉकर में भी कुछ नहीं मिला

उधर, पेपरलीक मामले में शुक्रवार को कार्रवाई कर रही प्रवर्तन निदेशालय की टीमें भी शुक्रवार देर शाम गणपति प्लॉजा पहुंची और ईडी अधिकारियों ने डीओआईटी मामले में भ्रष्टाचार के आरोपी बताए जा रहे छत्तरपाल सिंह के यहां मौजूद तीन लॉकर्स को शनिवार तड़के खोला, लेकिन ये लॉकर्स भी खाली ही निकले। इसके बाद ईडी अधिकारी शनिवार को यहां से खाली हाथ ही वापस लौट गए। आयकर विभाग की सर्वे कार्रवाई शनिवार देर रात तक जारी है।

### गेजेट्स की होगी जांच

बताया जा रहा कि आयकर सर्वे की कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने कंपनी का रिकॉर्ड जब्त किया है। इस रिकॉर्ड में कुछ कम्पयूटर व अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण भी जब्त किए हैं। अधिकारियों का मानना है कि इनकी जांच में हिसाब-किताब का लेखा-जोखा हो सकता है और लॉकर्स के मालिकों के नामों का उल्लेख मिल सकता है। गौरतलब है कि सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को एक पत्रकार वार्ता में दावा किया है कि गणपति प्लाजा परिसर में निजी कम्पनी के लॉकर्स में पेपर लीक प्रकरण, डीओआईटी और जल शक्ति मिशन योजना में हुए भ्रष्टाचार से जुड़े लोगों की करीब 500 करोड़ की नकदी और करीब 50 किलो सोना यहां रखा है।

### 'नेता' खड़े बाजार में...





*जयपुर। प्रदेश में आगामी विधानसभ चुनाव में प्रचार-प्रसार की सामग्री बनना शुरू हो गई है। आचार संहिता लगते ही पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं के बैनर और पोस्टर बनकर तैयार हो गए हैं। हालांकि, उम्मीदवारों की घोषणा नहीं होने से खरीददारी अभी बढ़ी नहीं है।* **-फोटो: राजेश कुमावत**

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**शिक्षक संघ का जिला शैक्षिक सम्मेलन**

## शैक्षणिक कार्यों से मुक्त हों शिक्षक

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला शैक्षिक सम्मेलन शनिवार को राउप्रावि दहलवास में आयोजित किया गया। इसमें सबने एक स्वर में सरकार से मांग की कि सरकार शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त करे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश गौड़ रहे। शैक्षिक सम्मेलन में मुख्य वक्ता विपिन प्रकाश शर्मा ने कहा कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए, ताकि प्रदेश की स्कूलों में हजारों बच्चों को समय पर शिक्षा मिल सके। शर्मा ने कहा कि आगामी सत्र में गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कराने को लेकर शिक्षकों का महाअभियान चलाया जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशिभूषण शर्मा ने कहा कि शिक्षकों का विकल्प कोई भी ऐप्स नहीं बन सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की पदोन्नति और तबादले के लिए नीति के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। सम्मेलन में महासंघ उपाध्यक्ष बृजेश शर्मा, संगठन प्रदेश मंत्री अंजनी कुमार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री रामस्वरूप गुर्जर, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र राजावत और जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह ने भी शिक्षकों को सम्बोधित किया।




**शिला माता के भरेगा मेला, अग्रसेन जी की निकलेगी शोभायात्रा**

## आज दो बड़े आयोजन, बदलेगा ट्रैफिक रूट

बेधड़क | जयपुर

शारदीय नवरात्र और अग्रसेन जयंती पर शहर में रविवार को यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यातायात पुलिस उपायुक्त प्रह्लाद कृष्णिया ने बताया कि आमेर के शिला माता मंदिर में रविवार से 23 अक्टूबर तक लगने वाले नवरात्र मेले के कारण शहर से आमेर जाने वाले वाहन रामगढ़ मोड़ से डायवर्ट होकर बंध की घाटी, सड़वा मोड़ होकर जाएंगे।





इसके अलावा श्री अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज समिति की ओर से रविवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मार्ग पर दोपहर 2:30 बजे से चांदपोल, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जोहरी बाजार, सांगानेरी गेट पर वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। इन सभी मार्गों पर चलने वाले वाहनों को समानांतर मार्गों पर चलाया जाएगा।

**विश्व कप में पाकिस्तान पर जीत, लगाए भारत माता के जयकारे**

# दिनभर प्रार्थनाएं, भारत जीता तो रात को सड़कों पर जमकर आतिशबाजी

बेधड़क | जयपुर

वैसे तो भारत की पाकिस्तान पर हर जीत यादगार होती है, लेकिन जब जीत विश्वकप क्रिकेट की हो तो यह जश्न दोगुना हो जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा शनिवार को शहर की सड़कों पर था।

सुबह जहां एक तरफ टीम भारत की जीत के लिए धार्मिक अनुष्ठान और दुआएं की गई, वहीं दूसरी ओर भारत के मैच जीतते ही लोग सड़कों पर भारत माता की जय लगाते नजर आए। स्टेडियम के पास खेलप्रेमी नटवर कुमावत के नेतृत्व में शानदार आतिशबाजी भी की गई। भारत और पाक के मैच को लेकर हर कोई उत्साहित नजर आ रहा था।

इस दौरान मंदिरों में भी टीम भारत की जीत के लिए अनुष्ठान कर मनोकामना की गई। सुबह से ही कई जगहों पर आयोजन किए गए, लेकिन दोपहर बाद अधिकतर सड़कें वीरान हो गई। लोग घर और कार्यालयों में टीवी पर चिपक गए। इस दौरान कई जगहों पर बड़ी स्क्रीन पर भी मैच का लुफ्त उठाया गया।

### रोहित की पारी को किया एंजॉय

शास्त्री नगर निवासी सतीश शर्मा ने बताया कि वैसे तो भारत और पाकिस्तान का हर मैच देखने लायक होता है, लेकिन वर्ल्ड कप के मैच की बात अलग होती है। रोहित की पारी को हम सब दोस्तों ने सेलिब्रेट किया।



### सीएम गहलोत और राज्यपाल ने दीं शुभकामनाएं

भारत के मैच जीतने के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी देशवासियों का बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर बधाई दिल से, विजयी फिर से को टैग कर लिखा कि टीम इंडिया को अनुशासित गेंदबाजी व आक्रामक बल्लेबाजी से पाकिस्तान पर मिली शानदार जीत की हार्दिक बधाई। हमारी कामना है कि विश्वकप में भारत का गतिमान अश्वमेघ का अश्व अपने सर्वोच्च लक्ष्य की प्राप्ति करे। आप सभी के इस अपराजेय प्रदर्शन पर देश को गर्व है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने भी भारत को पाकिस्तान पर एतिहासिक जीत पर देशवासियों को बधाई दी।

### दिनभर हवन और हनुमान चालीसा का पाठ

राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर गुजरात में होने जा रहे भारत-पाकिस्तान के मैच में भारत की जीत के लिए हवन और हनुमान चालीसा का पाठ किया। अनिकेत शर्मा ने बताया कि भारत पूर्व में 7 मैच जीत चुका है और आठवां मैच ऐतिहासिक जीत के साथ संपन्न होगा। इसके लिए हवन किया। इस दौरान राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र प्रतिनिधि अनिकेत शर्मा गजराज सिंह,आशीष, अंकित मीणा, विश्वेंद्र , शुभम आदि मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### कार में सवार दो लोगों से 24 लाख की नकदी बरामद



**चित्तौड़गढ़।** जिला पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार में ले जाई जा रही 24 लाख रुपए की नकदी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि पुलिस टी ने शुक्रवार की रात को हाईवे पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान निम्बाहेडा की तरफ से एक क्रेटा कार आई। इसमें दो व्यक्ति भीलवाड़ा जिले के आरजीया थाना मांडल निवासी विजय प्रताप सिह (21) व काशीराम जी की खेडी थाना मांडल निवासी जसवंत सिंह चुण्डावत (36) बैठे थे। कार की तलाशी की गई तो डिग्गी मे एक बैग में 24 लाख रुपए की राशी मिली।

### हिस्ट्रीशीटर हथियार सहित गिरफ्तार

**कोटा।** थाना नांता पुलिस की टीम ने शुक्रवार रात नाकाबंदी के दौरान बड़ी वारदात की फिराक में खड़े हिस्ट्रीशीटर गुलरेज खां उर्फ गप्पू (23) निवासी छावनी रामचंद्रपुरा थाना गुमानपुरा हाल मोहनलाल सुखाड़िया आवासीय योजना थाना नांता को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पिस्टल, एक देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि अभेडा तिराहे नाके पर नाकाबंदी के दौरान मुखबिर की सूचना हिस्ट्रीशीटर गुलरेज खां घेराबंदी पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ कोटा शहर के विभिन्न थानों में हत्या का प्रयास, लूट, डकैती की तैयारी, अवैध हथियार रखने के 12 मामले दर्ज हैं।

### महिला की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा।** थाना सदर इलाके की प्रियदर्शनी नगर स्थित राजस्थान आवासन मंडल के खंडहर नुमा क्वार्टर में महिला की गला रेतकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। आरोपी शोएब मोहम्मद सिलावट (30) निवासी कच्ची बस्ती कावाखेड़ा थाना सिटी कोतवाली भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। एसपी श्याम सिंह ने बताया कि मृत महिला की पहचान सीमा बंजारा (35) पत्नी गौरू निवासी पटेल नगर थाना प्रतापगढ़ के रूप में हुई। 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले कर आरोपी को चिह्नित किया कर गिरफ्तार किया गया।

---

**जीत लिया मैदान: छात्र वर्ग की अंडर 14 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीकर की टीम बनी स्टेट चैंपियन**

# फुटबॉल मुकाबले में सलूंबर को हराकर सीकर बना सिरमौर

**बेधड़क** | सीकर

स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर स्थित स्पोटर्स कॉम्पलेक्स में आयोजित 67वीं राज्यस्तरीय 14 वर्ष आयु वर्ग बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियेगिता में बालक वर्ग मे विजेता का खिताब सीकर के नाम रहा। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला सीकर व सलूंबर के मध्य खेला गया।

इसमें दोनो टीमों का अतिथियों ने परिचय लिया। इसके बाद सलूंबर ने टॉस जीतते हुए ग्राउंड लेने का फैसला किया। दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ



प्रदर्शन की बदौलत फाइनल में पहुंची थी। सलूंबर की टीम अपने फारवर्ड के कौशल व मिडिल डिफेंस के ड्रिबलिंग व सटीक पास के दम पर तथा सीकर की टीम मजबूत रक्षा पंक्ति व फारवर्ड के बूते खिताब पर कब्जा करने मैदान पर उतरी थी। आस-पास के गावों के फुटबॉल प्रेमी खिताबी मुकाबला देखने पहुंचे थे। मैच शुरू होने पर मैदान में खिलाड़ियों ने जैसे ही अपने खेल कौशल को गति देना प्रारंभ किया तो फुटबॉल प्रेमी दर्शकों की धड़कनें भी तेज होने लगी। पहले हाफ के शुरू में दोनों टीमों ने एक दूसरे की गोल पर कई बार धावा बोला, लेकिन उन्हें गोल करने में सफलता नहीं मिली।

पहले हाफ का आधा समय गुजर जाने के बाद गेंद जब सलूंबर के डी एरिया के समीप सीकर के खिलाड़ी के कब्जे में थी, उस वक्त सीकर टीम के दाहिने विंग के खिलाड़ी ने अपने सेंटर फारवर्ड को डी एरिया में पास किया। सीकर टीम के खिलाड़ी मयंक ने वहीं से दमदार किक किया। इससे गेंद गोल के दाहिने कोने में जा घुसी। इस पहली गोल से सीकर टीम का खाता खुला।

### विजेताओं को किया सम्मानित

मैच समाप्ति के बाद समापन समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी धोद कुनाल राहड थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक अनूज प्रजापत रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी हरदयाल सिंह, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी घिसाराम भूरिया एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सिताराम खारिया, असिटेंट डायरेक्टर प्लानिंग डिपार्टमेंट दिनेश सैनी मौजूद रहे। संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह ने साफा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी भेंट की। सीकर की जीत पर बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने डीजे की धुन पर नाचकर जश्न मनाया।

### मध्यांतर तक सीकर की टीम रही आगे

मध्यांतर तक सीकर की टीम ने 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ का मैच शुरू होने के कुछ ही देर बाद सीकर के फारवर्ड को विपक्षी गोल के नजदीक गेंद मिली तो उसने दो खिलाड़ियों को छकाते हुए अपने साथी खिलाड़ी अनस को पास दिया। इस पर फारवर्ड अनस ने शानदार किक लगाकर गोल किया। इस किक पर गोलकीपर ने अपने दाहिने तरफ गोता लगाकर गेंद को रोकने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। मैच समाप्ति से कुछ देर पहले सीकर के खिलाड़ी उदित ने तीसरा गोल कर मैच को 3-0 के अंतर से जीत लिया। फाइनल मैच में मिली इस जीत के साथ ही सीकर की टीम ने फुटबॉल के छात्र वर्ग का अंडर 14 टूर्नामेंट के स्टेट चैंपियन का खिताब भी हासिल कर लिया।

---

**प्रतापगढ़-बांसवाड़ा नेशनल हाईवे-56 पर अलसुबह हुआ हादसा**

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से बस टकराई, चार यात्रियों की मौत

■ सांवलियाजी दर्शन के लिए जा रहे थे श्रद्धालु

**बेधड़क** | प्रतापगढ़

जिले में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार सांवलियाजी के दर्शनों के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं लोग 18 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

वाहनों के टक्कर का धमाका और घायलों का शोर सुनकर आस-पास के लोग और राहगीर मदद के लिए दौड़े और पुलिस को जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

वहीं मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। पुलिस के मुताबिक यह हादसा प्रतापगढ़-बांसवाड़ा नेशनल हाईवे 56 पर शनिवार अलसुबह 4:30 बजे हुआ। लांबाडाबरा के सरपंच जीवनलाल ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 4 बजे वो अपने गांव से 41 लोगों को लेकर शनि अमावस्या के अवसर पर सांवरियाजी और शनि महाराज के दर्शन करने के लिए रवाना हुए थे। इसी बीच गांव से कुछ किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 56 पर ओवरटेक के चक्कर में बस खराब पड़े ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल सभी जख्मियों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।



### हादसे में इन घायलों ने तोड़ा दम

पुलिस के मुताबिक, ट्रक और बस की भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं, एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में सुहागपुरा क्षेत्र के गोपाल (62) पुत्र रत्न मीणा, नाथूलाल (60) पुत्र नारिया मीणा निवासी लंबा डबरा, रूपलाल (45) पुत्र मॉर्निंग मीणा, हीरालाल (50) पुत्र वाजिया मीणा है। ये सभी सुहागपुरा थाना क्षेत्र निवासी हैं। हादसा इतना भीषण था कि बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक से हुए हादसे से यात्री बुरी तरह से डर गए और चीख-पुकार मचाने लगे। शोर सुनकर आस-पास के लोगों ने घायलों को संभाला।

### ये सवारियां हुई घायल

सड़क हादसे में नारायण पुत्र हूरजी मीणा, दल्ला पुत्र आशिया मीणा, अशोक पुत्र मोहन मीणा, धर्मेंद्र पुत्र हुर्ता मीणा, कालू पुत्र रावजी मीणा, सूरजमल पुत्र गणेश मीणा, हूरता पुत्र धावरा मीणा, रूपा पुत्र हकरा मीणा, हेमराज पुत्र नंद मीणा, तोलकी बाई पत्नी हेमराज मीणा, चोरबन पुत्र हुर्जी मीणा, प्रभु लाल पुत्र कमल मीणा, मोहन पुत्र ललिया मीणा घायल हो गए। ये सभी लांबा डाबरा के रहने वाले हैं। घायलों का प्रतापगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव और एसपी अमित कुमार जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने चिकित्सकों से बात कर घायलों का हाल जाना।

---

**नकली पस्तौल व डायनामाइट से डराया**

# कर्ज में डूबे डॉक्टर ने मैकेनिक दोस्त के साथ मिलकर लूटा था बैंक

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के किशनगढ़ में सात दिन पहले हुई बैंक लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस की पूछताछ में आरोपी डॉक्टर ने बताया कि उसने हॉस्पिटल के लिए लोन लिया था, जिसे वह चुका नहीं पाया था। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के दोस्त पाली बापू नगर सुंदर विलास निवासी कमलेश (26) पुत्र रामचंद्र वैष्णव और काजीपुरा निवासी आरोपी प्रेम सिंह (27) पुत्र मदन सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने जिस पिस्तौल और डायनामाइट को दिखाकर बैंक कर्मियों धमकाया था, वे दोनों नकली थे।

एसपी चुनाराम जाट ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 7 अक्टूबर 2023 की दोपहर करीब 3 बजे किशनगढ़ के मदनगंज थाना क्षेत्र स्थित इंडियन बैंक में दो बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान दोनों आरोपियों ने बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बनाकर 40 लाख मांगे थे, लेकिन आरोपी कैशियर के पास रखे 3 लाख 76 हजार 130 रुपए लेकर फरार हो गए थे। इसके बाद बैंक मैनेजर



कुलदीप सिंह ने 7 अक्टूबर को ही थाने में लूट का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने बैंक लूट के बदमाशों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया और आस-पास लगे करीब 800 सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बैंक लूटने वाले अजमेर में हैं तो वहां दबिश देकर इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी डॉक्टर ने बताया कि पाली में हॉस्पिटल खोलने के लिए 11 लाख रुपए का लोन लिया था, लेकिन जब ये लोन नहीं चुका पाया तो एसी अपने मैकेनिक दोस्त प्रेम सिंह के साथ मिलकर बैंक लूटने का प्लान बनाया। दोनों ने इसके लिए करीब एक महीने तक रेकी की और वारदात को अंजाम दिया। लूट की वारदात से एक दिन पहले ही कमलेश बैंक के अंदर और बाहर से भी रेकी कर गया था।

---

**खेतों में भागे आरोपी को पुलिस ने पीछा करके दबोचा**

# प्लास्टिक के कट्टों में पैक 3 क्विंटल डोडा-पोस्त से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

बेगूं थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक ट्रैक्टर ट्रॉली में ले जाया जा रहा 309 किलो 510 ग्राम डोडा-चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने भागते हुए आरोपी को खेतो में तीन किलोमीटर तक पीछा कर दबोच लिया। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि एएसपी रावतभाटा सुभाष चन्द्र मिश्रा व डीएसपी बेगूं बद्री लाल राव के




निर्देशन में अवैध डोडा-पोस्त परिवहन रोकथाम के लिए व शुक्रवार की रात को थानाधिकारी बेगूं चन्द्रशेखर जाप्ते सहित गश्त कर रहे थे।

इस दौरान तारा पीपली की तरफ से ट्रैक्टर ट्रॉली आती दिखाई दी। उसे रुकने का ईशारा किया तो चालक ट्रैक्टर को छोड़ कर खेतों में भागने लगा। पुलिस ने करीब तीन किलोमीटर तक पीछा किया तब जाकर आरोपी को पकड़ा जा सका।

तलाशी के दौरान ट्रॉली में 21 प्लास्टिक के कट्टो में 309 किलो 510 ग्राम डोडा-चूरा भरा मिला। इस पर मादक पदार्थ सहित ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की गई। ट्रैक्टर चालक बस्सी, फतेहपुर निवासी रतन लाल भील को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया।

---

**दौसा पुलिस ने चलाया दो दिवसीय धरपकड़ अभियान**

# 124 टीमों ने 246 अपराधियों को दबोचा

**बेधड़क** | दौसा

आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धर पकड़ के लिए जिला पुलिस की ओर से दो दिवसीय अभियान चलाया गया। जिले के 620 पुलिसकर्मियों की 124 टीमों द्वारा एक साथ 900 स्थानों पर दबिश देकर 246 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी वन्दिता राणा ने बताया कि आईजी जयपुर रेंज उमेश चंद्र दत्ता के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में सक्रिय अपराधियों की धर पकड़ के लिए एडिशनल एसपी बजरंग सिंह, रामचंद्र सिंह



व शंकर लाल मीणा के निर्देशन में सर्किल स्तर पर अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।

दो दिन चली यह कार्रवाई सुव्यवस्थित और गोपनीय तरीके से की गई ताकि अपराधी एक दूसरे को सतर्क न कर सके। एसपी राणा ने बताया कि इस छापामारी में दौसा जिले के प्रकरणों में वांछित स्थाई वारंटी, पीओ, 299 सीआरपीसी में वांछित एवं गिरफ्तारी वारंटी में वांछित कुल 203 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जबकि राजस्थान के अन्य जिलों जयपुर ग्रामीण, जयपुर दक्षिण, अलवर, भिवाडी, बारां, भीलवाड़ा, करौली, कोटा शहर व टोंक के प्रकरणों में वांछित 42 अपराधियों तथा मध्य प्रदेश राज्य के 1 अपराधी को गिरफ्तार कर संबंधित थाने को सुपुर्द किया गया है।

### पांच स्थाई वारंटी भी चढ़े पुलिस के हत्थे

अभियान में लंबे समय से फरार चल रहे पांच स्थाई वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया। इनमें घनश्याम सिंह निवासी पीपलखेड़ा थाना बालाहेड़ी 2003 से, गिर्राज प्रसाद मीणा निवासी ठीकरिया थाना नागल राजावतान व कालूराम गुर्जर निवासी जतपुर गुजरान थाना कोतवाली दौसा 2019 से तथा जितेंद्र निवासी डाकौतों का मोहल्ला थाना मालपुरा गेट जयपुर से 2020 से फरार चल रहा था। वहीं दिनेश खींची निवासी बालाहेडी साल 2013 से वांछित है।

---

**बिना बिल का माल पकड़ा**

# यूरिया के 850 कट्टे और 3 क्विंटल घी बरामद, सैंपल जांच के लिए भेजे

■ खाद की कीमत 15 लाख और घी की कीमत साढ़े सात लाख रुपए आंकी गई

**बेधड़क** | जोधपुर

बाड़मेर पुलिस ने गुजरात की तरफ से आ रहे दो ट्रकों से बिना बिल के यूरिया के साढ़े आठ सौ कट्टे और तीन हजार किलो देसी घी के कर्टन बरामद किए हैं। यूरिया की कीमत करीब 15 लाख और घी की कीमत साढ़े सात लाख रुपए आंकी गई है।

कृषि विभाग ने यूरिया और स्वास्थ्य विभाग ने घी के सैम्पल जांच के लिए भेजे हैं। पुलस वाहन चालक और खलासियों से पूछताछ कर रही है। गुड़ामालानी थानाधिकारी सुरजाराम जाखड़ के अनुसार पुलिस ने थाना इलाके की गांधव चौकी पर वाहनों की जांच के दौरान दो ट्रकों को रुकवाया था। ट्रकों में डीएपी खाद भरा हुआ था। ड्राइवरों से बिल व डॉयूमेंट मांगे गए तो उनके पास नहीं मिले। इस पर पुलिस ने कृषि विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया।

ट्रकों को जब्त करके खाली करवाकर गिनती की गई। ट्रक में अलग-अलग ब्रांड के डीएपी खाद बरामद हुई। ट्रक ड्राइवर इकबाल पुत्र अबास खान निवासी स्वामी की ढाणी फलसूंड जिला जैसलमेर, हेल्पर खेते खान पुत्र राणे खान निवासी फूलासर फलसूंड तथा दूसरे ट्रक ड्राइवर हमीद खान पुत्र अदरीम खान निवासी सरदारसिंह की ढाणी, भणियाणा बाड़मेर, हेल्पर मजीद खान पुत्र अकबर खान निवासी जैसलमेर को दस्तयाब किया है। पुलिस, कृषि एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें ड्राइवरों से पूछताछ कर रही है।



### डीएपी व घी की जैसलमेर में होनी थी सप्लाई

बाड़मेर-जैसलमेर में जीरे व ईसबगोल की बुवाई बड़े स्तर पर होनी है। यहां हर साल रबी के सीजन में डीएपी खादी की किल्लत रहती है। ऐसी स्थिति में बाड़मेर व जैसलमेर में लोगों ने बुवाई से पहले ही खाद का भंडारण करना शुरू कर दिया। इसी उद्देश्य से गुजरात से खाद खरीदने का प्लान बनाया। पुलिस ने बताया कि गुजरात के नैनावां की एक दुकान से यूरिया के दो ट्रक लोड किए हैं। एक ट्रक जिसमें खाद के 500 कट्टे मिले हैं। यह ट्रक राजमथाई जैसलमेर में खाली होना था। जबकि दूसरा ट्रक गडीसर जैसलमेर में खाली होना था। फिलहाल पुलिस व अन्य विभागों की टीमें ड्राइवरों से पूछताछ कर रही है। वहीं सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दीपावली पर बिक्री के लिए लाए थे घी

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा के मुताबिक डीसा गुजरात से राजस्थान के जैसलमेर में दीपावली के त्योहार में बाजार में बिक्री के लिए लाए गए 162 घी के कर्टन जब्त किए हैं। इसकी कुल मात्रा 3 हजार 500 किलो है। घी में पंद्रह किलो के 10 टीन, 1 किलो के 1350 पैकेट, 92 कर्टन में 1 किलो और 4 किलो के 22 कर्टन, आधा किलो के 34 कर्टन सीज किए गए। श्रीनवकार डेयरी प्रोडट्स का घी जोधपुर की पब्लिक हेल्थ लेबोरेट्री में जांच के लिए भिजवाया गया है।

**सीधे फील्ड से** राजयोग का आशीर्वाद देने के लिए प्रसिद्ध हैं दिल्ली रोड पर विराजीं माता

# मां राज राजेश्वरी दिलाती हैं सत्ता सुख नेताओं ने लगाई है टिकट की अर्जी

नरेन्द्र चतुर्वेदी। बेधड़क

**जयपुर।** चुनाव में अपनी उम्मीदवारी पक्की करने के लिए राजनेता क्या-क्या नहीं करते। समर्थकों को लामबंद करने से लेकर अपने पक्ष में माहौल बनाने और तमाम राजनीतिक समीकरणों को साधने तक का काम किया जाता है। इन सबके बावजूद अपने जीवन में 'राजयोग' को लाने के लिए देवी-देवताओं को प्रसन्न कर आशीर्वाद लेने की जुगत भी बिठाई जाती है। इस बार भी अपनी कुण्डली में सत्ता के मोहरे बिछाने के लिए कई राजनीतिक लोग इन दिनों भगवान की शरण में जा रहे हैं। जिस प्रकार धन के लिए लक्ष्मी जी, बुद्धि के लिए गणेश जी व सरस्वती माता, बल के लिए हनुमान जी की पूजा की जाती है, उसी प्रकार जयपुर के दिल्ली रोड पर आमेर की पहाड़ियों में स्थित मां राज राजेश्वरी खोए या डूबे हुए राज्य को पुनः दिलाने के लिए प्रसिद्ध हैं।

कहते हैं जो भी मां राज राजेश्वरी की शरण में आकर पूजा करता है, वह चाहे अपना सारा राज्य हार चुका हो, माता की कृपा से पुनः अपने राज्य सुख को प्राप्त करता है।

राजा-महाराजाओं के समय से चली आ रही इस मान्यता के चलते चुनावों के दौर में कई राजनेता भी इस मंदिर में ढोक लगाकर राजसुख की कामना करते हैं। इस बार भी चुनाव से पहले कई नेताओं ने मंदिर पहुंच टिकट के लिए विशेष पूजा कराई है। टिकट मिलने के बाद चुनाव जीतने के लिए अनुष्ठान कराए जाएंगे। ऐसे में इस प्राचीन मंदिर खोए हुए राज्य दिलाने वाली मां राज राजेश्वरी का मंदिर कहा जाने लगा है।



## राजा सवाई प्रताप सिंह ने बनवाया था भव्य मंदिर

मंदिर के महंत अशोक पुरी महाराज ने बताया कि सन् 1780 में एक बार आमेर के राजा सवाई प्रताप सिंह तूंगा का युद्ध हारने पर निराश होकर आ रहे थे। रास्ते में मानबाग के पास उन्हें एक तपस्वी का धूना दिखाई दिया, इस पर उन्होंने धूने पर पहुंच कर वहां विराज रहे अमृतपुरी जी महाराज को युद्ध हार जाने के बारे में बताया। इस पर अमृतपुरी ने उन्हें पुनः युद्ध में जाने और विजयी होने पर माताजी का मंदिर बनाने की प्रेरणा दी। प्रतापपुरी ने मां का मंदिर बनाने का प्रण लेकर दुबारा तूंगा पर चढ़ाई की और विजय प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने मानबाग स्थित बंध की घाटी में ही मां राजराजेश्वरी का भव्य मंदिर बनवाया।





## आठवीं पीढ़ी कर रही मंदिर में सेवा

मंदिर पुजारी अशोक पुरी महाराज ने बताया कि वर्तमान में मंदिर में बद्री जी महाराज, महेश पुरी, अमर पुरी और वे माता जी की सेवा का कार्य कर रहे हैं। ये सब प्रतापपुरी महाराज की आठवीं पीढ़ी हैं। मंदिर में माताजी के अलावा भैरव जी, हनुमान जी, पंचमुखी महादेव, गणेशजी और भगवान सूर्य भी विद्यमान है। मंदिर की देखभाल के लिए श्री राज राजेश्वरी माताजी मंदिर सेवा समिति बनाई है। समिति के तत्वावधान में मंदिर में नवरात्र के अलावा पौष बड़ा महोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्र में कई जनप्रतिनिधियों के अलावा ब्यूरोक्रेसी से जुड़े लोग भी माताजी के दर्शन करने आते हैं।

## कई दिग्गज करा चुके हैं विशेष अनुष्ठान

मंदिर की महत्ता को जानने पर प्रदेश की राजनीति से जुड़े कई दिग्गज भी इस मंदिर में अनुष्ठान करा चुके हैं। सभी पार्टियों के कई नेता नियमित रूप से इस मंदिर में माथा टेकने आते हैं। चुनावी समय में यहां राजनेताओं की ओर से पूजा-अनुष्ठान करवाए जाते हैं। सन् 2018 में तत्कालीन सता पक्ष की एक बड़ी नेत्री ने भी यहां पर अनुष्ठान कराया था। हालांकि अनुष्ठान किसी विघ्न के कारण पूरा नहीं हो पाया था और उन नेत्री के हाथ से कुर्सी भी चली गई थी। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, सांसद दीया कुमारी, विधायक सतीश पूनियां सहित अन्य कई नेता भी इस मंदिर में पूजा-अनुष्ठान कराते रहते हैं। शहर कांग्रेस के एक दिग्गज नेता भी अपने पुत्र के कारण फंस गए थे, तब उन्होंने भी मां राज राजेश्वरी की पूजा कराई थी जिसके बाद वे समस्या से बाहर आए।



**बिहाइंड द कर्टेन**

## अभी कितना और उबलेगा पानी

पानी की सियासत सूबे में बहुत पुरानी रही है। अब हाथ वाली पार्टी पानी के उबाल से अपनी सीटें पकाने की तैयारी कर रही है। लेकिन परेशानी साहब लोगों के सामने बड़ी खड़ी हो गई है। आनन फानन में पार्टी के भाई साहबों ने यात्रा का ऐलान तो कर डाला लेकिन यात्रा का जिम्मा जिन्हें दिया वे भाई लोग तो दिल्ली से जयपुर तक टिकटों की सियासत में व्यस्त हैं। अब समस्या यह खड़ी हो गई कि आखिर यात्रा कौन निकाले और निकाले भी तो भीड़ कौन जुटाएगा। इधर हाथ वाली पार्टी के दिल्ली दरबार से एक सूची तैयार होने की खबर भी आ रही है। सूची में टिकटों का बंटवारा 25-75 के रेश्यो में बताया जा रहा है। 75 में मैसेज की राजनीति करने वाले भाई साहब और बाकी 25 प्रतिशत में पिछले चार साल से धमाचौकड़ी कर रहे साहब के समर्थकों को नवाजा गया है। इधर ऐसी ही खबर फूल वाली पार्टी के दरबार से भी है। इस दरबार से भी अबके सूची निकलेगी तो बड़ी ही होगी। करीब 70 से 80 नाम यहां से भी बाहर निकलने को बेताब हैं। हालांकि इस बार सूची जारी करने के लिए शुभ घड़ी का इंतजार किया जा रहा है।

■ यायावर

**ई वॉर**




**थड़ी पॉलीटिक्स**

## ईं को नाम राजनीति छ राजनीति...

## आ तो अइयां ही चालैली

**स्थान** थड़ी मार्केट मानसरोवर जयपुर | **समय** शाम 04:00 बजे

*अरे ये कहने के लिए ही अभी अपनी पार्टी का सगा बन रहा है। खुद की पार्टी के गुण गाता है, दूसरी पार्टी को गालियां देता है। एक बार इसका टिकट कटने दो, तुरंत उछल कर दूसरी पार्टी के पाले में पहुंच जाएगा और उसके गुण गाना शुरू कर देगा।" श्राद्ध पक्ष का अंतिम दिन है। त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है। बाजारों में रौनक शुरू हो गई है। माहौल में हल्की ठंड भी घुल चुकी है। इस साल इस सुहाने त्योहारी मौसम में चुनावों ने मसालेदार तड़का लगा दिया है। घरों में टीवी चैनलों के रास्ते चुनावी माहौल की घुसपैठ हो गई है वहीं बाजारों में जगह जगह चलने वाली चुनावी बतकहियां माहौल को गर्म करने में लगी हैं। मानसरोवर में थड़ी मार्केट स्थित एक चाय की थड़ी पर हम पहुंचे तो वहां बैठे एक ग्रुप में से एक युवक ने दलबदलू प्रवृति पर निशाना साधते हुए बात छोड़ी तो सामने बैठे दूसरे युवा ने बात को आगे बढ़ाया। "टिकट के तमाशे हैं गुरु। आजकल तो जो नए-नए नेताजी बने हैं उनको भी टिकट चाहिए और जो 20-25 साल से कुर्सी पर जमे हुए नेताजी अपनी सीट छोड़ने को तैयार नहीं। सीट हैं 200, टिकट लेने वाले हैं हजारों।" बात निकली ही थी तो दूर तक पहुंच भी गई, तीसरी आवाज आई-"टिकट ही नहीं, दूसरे फायदे के लिए भी ये सामने वाली की गोदी में जाकर बैठ जाते हैं। तूने देखा नहीं क्या जो जो नेता सत्ता वाली पार्टी में गए उनके सारे मामले कैसे रफा दफा हो गए।" बात जब सीधे-सीधे होने पर आ गई तो सामने से भी सीधा-सीधा ही जवाब आया-"भाई, सारा खेल सत्ता का है। तुम्हारे वाले जादूगर साब को देखा नहीं क्या कैसे एक पूरी पार्टी को ही साफ कर दिया था। यहां तो जिसका जैसे मौका लगता है, वो अपना काम निकालता है।" इतनी देर से इन सबकी बातें सुन रहे पास बैठे एक ग्रामीण ने सारी चर्चा का सार बताते हुए कहा-"अरै भाया, ईंको नाम राजनीति छ, आ तो अइयां ही चालैली..।" और जोरदार ठहाकों के साथ यह चर्चा खत्म हुई।*

■ नरेन्द्र शर्मा




**पॉली क्लिक्स**

विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा प्रत्याशियों की एक लिस्ट जारी होने के बाद से प्रत्याशियों के विरोध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। जगह-जगह टिकट कटवा चुके दावेदार अपने समर्थकों के साथ टिकट लेकर आए प्रत्याशी के विरोध में माहौल बनाने में जुटे हैं। देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से घोषित किए गए भाजपा प्रत्याशी को बाहरी बताते हुए स्थानीय लोगों ने यहां प्रदर्शन किया।

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# जिनका भाषण सुन सीखे, उनके लिए सभा करने आए थे मुलायम

एक जमाने में कांग्रेस पार्टी में युवा तुर्क के नाते लोकप्रिय खांटी नेता चन्द्रशेखर सीधे भारत के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शासनकाल में जब देश की अर्थव्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ा चुकी थी तभी शासन की बागडोर संभालने वाले चन्द्रशेखर के समक्ष महज 40 करोड़ रुपए के कर्जे की खातिर देश का सोना गिरवी रखने की नौबत आ गई। और ऐसी मजबूरी झेलने वाले इस युवा तुर्क ने भरतपुर में आपातकाल के पश्चात वर्ष 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में अपने राजनैतिक मित्र एवं खांटी समाजवादी नेता पंडित रामकिशन के पक्ष में वोट की अपील के साथ धन संग्रह के लिए झोली फैला दी। तब लगभग तीन हजार रुपए एकत्रित हुए। चुनाव प्रचार के लिए आए जॉर्ज फर्नान्डीस ने रेलवे मेन्स यूनियन के सहयोग से पांच हजार की राशि उपलब्ध करवाई। इस चुनाव में जनसहयोग से लगभग 53 हजार रुपए जमा हुए तथा चुनाव खर्चा हुआ 51 हजार रुपए। शेष दो हजार गंज खेड़ली में कार्यकर्ताओं को सौंप दिए।

आपातकाल के पश्चात हुए इस चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता राजबहादुर के सामने जनता पार्टी के पं. रामकिशन का मुकाबला था। चुनाव प्रचार के दौरान भरतपुर के संसदीय क्षेत्र में सम्मिलित अलवर जिले के कठूमर (गंज खेड़ली) विधानसभा क्षेत्र में पं. रामकिशन की गाड़ी खराब हो गई। तब कांग्रेस प्रत्याशी पक्ष की ओर से अपनी गाड़ी से पहुंचाने की पेशकश पर पंडित जी ने सहज भाव से कहा कि इससे अनावश्यक भ्रम होगा। कठूमर से एक मिस्त्री को भेजकर गाड़ी ठीक करवाई गई। तब के चुनावी प्रचार में प्रतिद्वंदी प्रत्याशी पक्ष से इस सदाशयता को पंडित जी आदर से याद करते हैं और वर्तमान चुनावी माहौल को देख चिंतित होते हैं।



लोकसभा चुनाव लड़ने से पहले पं. रामविशन भरतपुर में 1974 में हुए उपचुनाव जीत चुके थे और आपातकाल में बंदी बनाये गए थे। विधायक होने के साथ वह जिला प्रमुख भी थे। चुनाव जीतने पर वह सांसद विधायक और जिला प्रमुख की भूमिका में थे। जिला प्रमुख पद से त्यागपत्र देने के साथ विधायक का कार्यकाल भी खत्म हो चला था। चाहे विधानसभा हो या लोकसभा पं. रामकिशन सदन में तथ्यों एवं आंकड़ों सहित अपनी बात रखने में कुशल रहे। उनके कथन को सत्ता पक्ष भी शांति से सुनता था।

वर्ष 1990 के विधानसभा चुनाव में पं. रामकिशन भरतपुर से प्रत्याशी थे। भरतपुर जिले का हिस्सा रहे धौलपुर से भाजपा के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत ने भी नामांकन पत्र भरा था और बारां जिले के छबड़ा से नामजदगी पर्चा भरा गया जहां से 1977 में उपचुनाव लड़कर वह मुख्यमंत्री बने। इसलिए भी पूर्वी राजस्थान की दोनों सीटों पर सभी की नजरें थी। पंडित जी के समर्थन में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह ने भी चुनावी सभा को संबोधित किया।

यह एक संयोग था कि समाजवादी कार्यकर्ता मुलायम सिंह कभी आगरा में पं. राम किशन के भाषण सुनने आते थे और अब वह उनके पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए आए थे। उन्होंने जनता से कहा कि राममनोहर लोहिया के साथी पं. रामकिशन जैसे नेता का विधानसभा पहुंचना जरूरी है। भरतपुर जिले की वैर तहसील के गांव ललिता मूडिया में 28 मार्च 1926 को जन्मे प. राम किशन दोनों घुटनों के ऑपरेशन के बावजूद जल आंदोलन में सक्रिय हैं।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के कुंडल संगम स्थित हरिहरेश्वर मंदिर में 359 चेहरों वाला शिवलिंग है। इस शिवलिंग में 9 पंक्तियों में भगवान महादेव के चेहरे उकेरे हुए हैं। खासियत यह है कि इसके हर चेहरे पर अलग भाव हैं। हमारे चंद्र कैलेंडर के अनुसार एक वर्ष में 359 दिन होते हैं, ऐसे में यह मान्यता है कि ये चेहरे इसका प्रतीक हो सकते हैं। इसके अलावा एक और विशेष बात है कि यह एकमात्र ऐसा मंदिर बताया जाता है जहां पर भगवान शंकर और विष्णु एक ही जगह पर पूजे जाते हैं। यह शिवलिंग 11वीं शताब्दी का चालुक्य साम्राज्य द्वारा बना बताया जाता है। हरिहरेश्वर मंदिर की खोज 1999 में सोलापुर के दयानंद कॉलेज के प्रोफेसर गजानन भिड़े ने की थी।*

### सोलापुर में हरिहरेश्वर एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान शंकर और विष्णु पूजे जाते हैं एक साथ



# 359 मुखी शिवलिंग
# हर चेहरे पर अलग भाव



हमारे देश का कोना-कोना चमत्कारों से भरा हुआ है। कहीं किस रूप में तो कहीं किस रूप में हर जगह कोई न कोई अदभुत रहस्य देखने को मिल जाता है।

रहस्य भी ऐसे-ऐसे कि साइंस भी वहां पर चमत्कृत रह जाता है। खासकर मंदिरों के मामले में। उनमें भी विशेषकर भगवान शंकर के मंदिर। ऐसा ही एक मंदिर महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के कुंडल संगम में है हरिहरेश्वर मंदिर। यहां 359 चेहरों वाला शिवलिंग है। खासियत यह है कि इसके हर चेहरे पर अलग भाव है। हमारे चंद्र कैलेंडर के अनुसार एक वर्ष में 359 दिन होते हैं, ऐसे में यह मान्यता है कि ये चेहरे इसका प्रतीक हो सकते हैं। इसके अलावा एक और विशेष बात है कि यह एकमात्र ऐसा मंदिर बताया जाता है, जहां पर भगवान शंकर और विष्णु एक ही जगह पर पूजे जाते हैं।

### 9 पंक्तियों में उकेरी हुई है महादेव की मूरत

*हरिहरेश्वर मंदिर में हुए उत्खनन में बहुमुखी शिवलिंग को खोद कर निकाल गया था। फिर आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने इस शिवलिंग को संरक्षित किया। देश भर में अपने आप में यह एकमात्र सबसे अनोखा शिवलिंग है। हरिहरेश्वर मंदिर में स्थापित इस शिवलिंग में 9 पंक्तियों में भगवान महादेव के चेहरे उकेरे हुए हैं। शिवलिंग में कुल मिलाकर 359 चेहरे बनाये गए हैं तथा इस शिव लिंग की खास बात यह है कि भगवान महादेव के हर चेहरे के भाव अलग-अलग हैं। इस शिवलिंग को बहुमुखी शिवलिंग कहा जाता है।*



### कॉलेज के प्रोफेसर ने खोजा था मंदिर

हरिहरेश्वर मंदिर की खोज 1999 में सोलापुर के दयानंद कॉलेज के प्रोफेसर गजानन भिड़े ने की थी, जब उन्होंने अपने छात्रों के साथ साइट पर खुदाई की तो उन्हें एक संरचना के कुछ निशान मिले थे। मिट्टी साफ की तो मंदिर के पत्थर मिले, जिनको हटाने पर पता चला कि मंदिर का कुछ भाग जमीन के अंदर धंसा हुआ है। उसी जगह पर खुदाई करने के बाद उन्हें शिवलिंग मिला था। यह मंदिर भीमा और सीमा नदियों के संगम स्थल पर स्थित है। इस मंदिर में स्वर्ग मंडप (खुला मंडप) है, जो उस वक़्त के मंदिरों में बहुत कम देखने को मिलता था। हरिहरेश्वर मंदिर में शिवलिंग खुदाई के चलते मिला था। इस मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए आर्कियोलॉजी की टीम पहुंची थी। यह हत्तरसांग कुडाल, सोलापुर डीटी, महाराष्ट्र में स्थित है। हत्तरसांग कुदाल सोलापुर में सीना और भीमा नदियों के संगम पर स्थित है। कुदाल संगम सबसे पुराने संगमेश्वर और हरिहरेश्वर मंदिर का घर है, जिसका निर्माण हेमंदपति शैली की वास्तुकला से प्रेरित है।



### एकमात्र पश्चिम मुखी मंदिर: इसमें दो गर्भगृह- एक में शिव, एक में विष्णु


शिवलिंग में ऊपरी हिस्से की तरफ उकेरे गए चेहरों में भगवान महादेव के सिर्फ चेहरे और जटाएं दिखाई देती हैं, किन्तु नीचे की तरफ के चेहरों में भगवान महादेव ध्यानमग्न अवस्था में बैठी हुई मुद्रा में दिखाई देते हैं। आमतौर पर सभी मंदिर पूर्व या फिर उत्तरमुखी होते हैं, किन्तु हरिहरेश्वर मंदिर पश्चिममुखी मंदिर है। इस मंदिर में एक नहीं बल्कि दो गर्भगृह हैं। एक गर्भगृह में प्रभु विष्णु यानी हर और दूसरे गर्भगृह में भगवान महादेव यानी हरि स्थापित हैं। ये दो अलग-अलग धार्मिक संप्रदायों, वैष्णववाद और शैववाद के मिलन का प्रतीक है।

### 11वीं शताब्दी के चालुक्य-युग का है यह शिवलिंग

बहुमुखी शिवलिंग का वजन तकरीबन 4.5 टन बताया जाता है। यह शिवलिंग 11वीं शताब्दी का चालुक्य साम्राज्य द्वारा बना बताया जाता है। शिवलिंग की लंबाई तकरीबन 1.99 मीटर है। यह अनोखा शिव-लिंगम 11वीं शताब्दी के चालुक्य-युग का है। चार मीटर परिधि, 1.99 मीटर ऊंचाई और 4000 किलोग्राम के लगभग वजन है। दूर-दराज के क्षेत्रों से भक्त यहां अपनी मनोकामनाएं लेकर भगवान महादेव के दर्शन करने आते हैं।

## कविता

### विकास बावळो





गजानंद शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

गुण औगुण कुणबो देखां, फेर जोड़ां नाम
जिताऊ नै द् यां जगां, बोदां सूं राम-राम।
जाति गिणस्यां, जेब तोलस्यां, काढ़ां सारा खोज
अब कै तगड़ी दबी पड़ी है, काम नै आवै मौज।
जाति का गणित में, है हार जीत को खेल
दो गुणा दो चार छोड़, आठ हुवै तो बोल।
पीहर सूं कांई रूसणों, कांई भाया सूं बैर
मिळता जुळला रहवणौं, छोड़ वोटां को फेर।
रूसेड़ा नै मनावणा अर बागीड़ा री करै मनुहार
उळझ्यो वोट गणित को, फंस्या बीच मझधार।
चुनाव प्रचार की दौड़ सूं, दिग्गज बैठ्या दूर
जातरा सारी ढब गई, नेता खेळण नै तैयार।
कोई बैठौ कोप भवन में, किण रो धरणों बीच बाजार
जनता रा सुख-दुख बांट्या बिना, हुवै ना बेड़ा पार।
पांच साल ताणी उड़ीक करी, उड़ाया काळा काग
विकास रो-रो होगो बावळो, थे रह्या खेलता फाग ।

## शब्दों की सीख

# कतरा भर प्यास...



महेश कुमार केशरी
बोकारो, झारखंड

**...गतांक से आगे**

ऐसा नहीं था कि माजीद बेवकूफ था। वो अखबार पढ़ता था। चीजों को समझता था। उसने अखबारों में ही पढ़ा था कि कुछ सालों पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री, जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर मामले थे वो देश छोड़कर अभी लंदन में रह रहे हैं। अब अपने मुल्क में वापसी की तैयारी में है। चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वहां। ऐसा तो उसके खुद के देश में भी हो रहा है। यहां के नामचीन भगौड़े बैंकों का पैसा लेकर लंदन, यूके, अमेरिका, यूरोप में बिजनेस को सेटल कर रहे हैं। जो दूसरे मुल्क में हो रहा है, वो तो उसके देश में भी हो रहा है। पड़ोसी देश का पूर्व भगोड़ा या देश निकाला प्रधानमंत्री सोने की थाली में मेवों का आनंद ले रहा है। वो जो एक भ्रष्टाचारी है। माजीद जैसे लाखों लोग जो मेहनत करते हैं। सरकार को टैक्स भरते हैं। उनके टैक्स के पैसों से ही ये सरकारें भ्रष्टाचार करती हैं। बड़ी-बड़ी गाड़ियों में घूमती है। फॉरेन देशों में हवाई यात्राएं करती हैं। बावजूद इसके कि वो सफेदपोश हैं और माजीद जैसे लोग जरायमपेशा! क्या जो हथियार या ड्रग्स बेचते हैं वो इक्के-दुक्के लोग हैं। सारे काम इन सफेदपोश और बड़े लोगों की इच्छा-शक्ति और सत्ता के संरक्षण के बिना आखिर कैसे हो सकते हैं? इसको ऐसे समझना चाहिए कि हमारे देश के उन हिस्सों में जहां शराब बैन है। वहां शराब बिकती है। स्थानीय थाने को सेट कर लिया जाता है। आबकारी को उनका हिस्सा जाता है। इसका एक बड़ा नेटवर्क है। सियासतदानों से लेकर अफसरशाह तक सब के सब बिके होते हैं। तभी तो इतनी तादात में शराब बनती और बिकती है।

कभी जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए दीपावली और दशहरे में दुकानों में दबिश दी जाती है। छोटे-छोटे पॉलीथीन और ताड़ी बेचने वालों को पकड़कर जेल में बंद कर दिया जाता है। अखबार का कॉलम भरने के लिए। कमीशन खाने वाला अधिकारी ही अपने जिले के अफसरों को डांटता-फटकारता है। साल में दस लोग भी नहीं पकड़े जाते। आखिर, जेल-मैनुअल और उसकी डायरी को मेंटेंन भी तो करना होता है। यहां हर बड़ी मछली, छोटी मछली को निगल जाती है। थोड़ा बहुत गुलाब सिंह भी राजनीति समझता है। वो देख रहा है कि इधर कुछ सालों में हमारे देश से कई उद्योगपति गायब हो गए हैं। बैंकों से बड़ा-बड़ा कर्जा लेकर। हजार, दो-हजार, पांच हजार करोड़। कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सका। क्या ये सब बिना मिली भगत के होता है? क्या बड़े-बड़े एमपी, एमएलए, मिनिस्टर से उनकी कोई सांठ-गांठ नहीं है? बिना सांठ-गांठ के बैंक इनको इतना बड़ा-बड़ा कर्जा दे देती है। ऐसा कैसे हो सकता है? एक बहुत बड़ी लॉबी होती है इनकी। मिनिस्टरों से बड़ा-बड़ा करार होता है इनका। बाहर के देशों में ये उद्योगपति इन मिनिस्टरों के लिए बैंकों में इनके नाम से पैसे जमा करवा देते हैं। उनके बच्चों के लिए शॉपिंग मॉल, जिम, कॉम्प्लेक्स बनवा देते हैं। इन पैसों से इन मिनिस्टरों के लिए विदेशों में जन समर्थन का जुगाड़ किया जाता है, ताकि उनकी राजनीति वहां भी चमकाई जा सके। उद्योगपति वहां भी अपनी जमीन ले सकें। कारखाने लगा सकें। अपना व्यवसाय विदेशों तक फैला सकें। उनके प्रोडक्टस विदेशों में भी जोर-शोर से बिकें। उनकी आमदनी लगातार बढ़ती जाए। फिर वहां की सरकार में वे एक मुकाम हासिल करें। अपने लोगों के लिए लॉबिंग करें। चुनाव में सरकार को फंड दिए जाते हैं, जो करोड़ों रुपए के रूप में होते हैं। ये पैसे उद्योगपति सत्ता में बैठे सरकार और विपक्ष दोनों को बारी-बारी से देते हैं। अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितयों को देखकर! सरकारें आती-जाती रहती हैं। जनता वही रहती है, जो उनके प्रोडक्ट खरीदती है।

गुलाब सिंह का छोटा भाई संतन विकलांग है। उसका एक हाथ नहीं है। घर में बैठे-बैठे उसका मन नहीं लगता था। सोचा कोई छोटा-मोटा कुटीर उद्योग ही लगा ले। इसके लिए कुछ कर्ज बैंक से ले ले। वो कई बैंकों के चक्कर लगाता रहा, लेकिन हाल वही था। जब तक हाथ पर कुछ रखोगे नहीं, फाइल आगे नहीं बढ़ती। आज कल गुलाब सिंह के बनाए कट्टों पर संतन पॉलिश करने का काम करता है।

सरकार इन उघोगपतियों के प्रत्यर्पण की बात करती है, लेकिन लंदन और दूसरे देशों के प्रत्यर्पण कानूनों का मसौदा और उसकी जटिलताएं भी अलग-अलग हैं। जो चीज हमारे देश में अपराध है, जरूरी नहीं कि दूसरा देश भी उसे अपराध मान ले। बैंकों से पैसे लेकर भागे लोग उस देश में जाकर वहां अपने शॉपिंग मॉल्स खोलते हैं। कारखाने लगाते हैं। वहां काम लंदन, यूके और अमेरिकियों को मिलता है। अब कोई आदमी बाहर से आकर उनके देश के लोगों को काम देगा। उसके देश को कमाई देगा। तो ऐसा कौन सा ऐसा देश है, जो हमारे देश की बात मानेगा और उन उधोगपतियों को हमारे सुपुर्द कर देगा? सभी अपने-अपने स्वार्थ से जुड़े हैं।

क्या हमारे देश के लोग नहीं चाहते कि हमारे देश में बड़ी-बड़ी कंपनियां लगें। लोगों को रोजगार मिले। बेकारी खत्म हो। दरअसल दुनिया के सभी मुल्कों में रोजगार एक प्रमुख समस्या के रूप में उभरकर सामने आया है। एक ही देश के दो राज्यों के भीतर बाहरी-भीतरी की लड़ाई छिड़ी हुई है। कुछ सालों पहले ऑस्ट्रेलिया में एक आईटी के एक छात्र की हत्या हो गई थी। उस देश के लोगों को लगता है कि भारतीय छात्र उनकी नौकरियां खाते जा रहे हैं। विदेशों में भारतीय छात्रों पर हाल के वर्षों में हमले बढ़े हैं। इसका कारण केवल और केवल रोजगार का छिन जाना है। अपने देश में भी महाराष्ट्र में बिहारियों और यूपी के लोगों को मारा और भगाया जा रहा है। सब प्राथमिकता सूची में आगे रहना चाहते हैं। अपने लोगों को सब जगह काम मिलना चाहिए। दूसरे लोग हाशिये पर धकेल दिए जाते हैं।

फिर, माजीद या गुरविंदर जैसे लोग थोड़ा बहुत हेर-फेर कर लेते हैं तो इन सरकारों का क्या जाता है? ये तो जीने और खाने के लिये हेर-फेर करते हैं। ये सत्ता में फेर बदल या हेर-फेर नहीं करते? चुनाव के बाद विधायकों को खरीदकर विपक्षी-पार्टी अपनी सरकार बनवाती है। ये लोकतंत्र की हत्या नहीं तो और क्या है? वकील पैसे लेकर अपराधी को बचाता है। बनिया अनाज में कंकर-पत्थर मिलाता है। ग्वाला दूध में पानी मिलाता है। सब अपने-अपने स्तर से हेर-फेर करते हैं। अपनी-अपनी सुविधा के अनुसार। फिर देश के इस पार और उस पार सियासतदान एक तरफ हमारी कौम को खतरा है तो दूसरी तरफ हमारी कौम को खतरा है का राग अलापते हैं। शिक्षा, महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर चुप्पी साध लेते हैं। दोनों देशों की सेनायें और जनता आपस में लड़ती और मरती रहती हैं। कभी देखा है इस पार के या उस पार के किसी नेता के बच्चे या नेता को मरते हुए। उनके लिए तो वी वीआईपी सुरक्षा की व्यवस्था होती है। किसी हंगामे में सिक्यूरिटी फोर्सेज नेताजी को सुरक्षित बाहर लेकर निकल जाती है। अखबार के पृष्ठ पर किसानों और मजदूरों के बच्चे जो या तो फोर्सेज में या सेना में होते हैं, मारे जाते हैं। सरहद पर या वीवीआईपी की सुरक्षा में जो गोली खाता है, वो, मजदूर या किसान का बेटा ही होता है।

'अजी, सुनते हैं। आज शाम का खाना नहीं बनेगा क्या? जाओ जाकर जंगल से लकड़ियां बीन लाओ।' लाडो ने हांक लगाई तो गुलाब सिंह की तंद्रा फिर से एक बार टूटी। उसने पाइप को आग पर गर्म करने वाले पंखे को बंद किया और चल पड़ा जंगल की ओर लकड़ियां चुनने। थोड़ी देर बाद वो एक बोरे में थोड़े से पत्ते चुनकर जँगल से ले आया। पैतन पुर छोटा सा गांव है। लेकिन...।

**क्रमश...**




### छत्तीसगढ़: आज आ सकती है कांग्रेस के प्रत्याशियों की पहली सूची

# बघेल ने AAP पर साधा निशाना, कहा-कांग्रेस में सेंध लगाने का प्रयास

एजेंसी । रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली सूची रविवार को नवरात्र के पहले दिन आने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने शनिवार को यह संकेत दिए।

सीएम बघेल ने मीडिया से बातचीत में आम आदमी पार्टी (आप) पर छत्तीसगढ़ में 'बी' टीम के रूप में काम करने और राज्य में सत्ताधारी दल में सेंध लगाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। लेकिन छत्तीसगढ़ के लोग समझदार हैं और वे चीजों





पर बारीकी से नजर भी रख रहे हैं। उन्होंने बसपा पर भी निशाना साधा और कहा कि बसपा अब भाजपा की गोद में बैठी है। ज्ञात रहे कि बसपा और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) और बसपा का गठबंधन टूट गया है और बसपा ने अब गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ गठबंधन कर लिया है। सीएम बघेल ने कहा कि नौ दिवसीय नवरात्र उत्सव रविवार से शुरू होने जा रहा है। मैं सभी को अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं। रविवार को हमारी पार्टी के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जाएगी। इस प्रकार टीएस सिंह देव ने कहा, पितृ पक्ष होने की वजह से प्रत्याशियों की हमारी सूची जारी नहीं हुई थी, रविवार हमारी पहली सूची आ सकती है। सीएम बघेल से जब पूछा गया कि क्या सभी 90 उम्मीदवारों की घोषणा रविवार को की जाएगी, तब उन्होंने कहा कि नहीं, यह पहली सूची होगी। दूसरे चरण के लिए एक और सूची बाद में जारी की जाएगी। राजनांदगांव सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के खिलाफ उम्मीदवार उतारने की पार्टी की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर सीएम बघेल ने कहा कि उम्मीदवारों की सूची आने के बाद पार्टी अपनी रणनीति का खुलासा करती है। सूची जारी होने के बाद पता चलेगा कि रमन सिंह के खिलाफ कौन चुनाव लड़ेगा।

### जनता कांग्रेस पार्टी पर किया सवाल

मुख्यमंत्री बघेल से जब पूछा गया कि क्या भाजपा चुनाव में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) और छोटे दलों का फायदा उठाने की कोशिश कर रही है, तब उन्होंने कहा कि आपको 'क्रोनोलॉजी' को समझना होगा। एक ओर अमित जोगी अदालत में मामला दायर करते हैं, दूसरी ओर उन्हें सुरक्षा भी मिल जाती है।

### पहले चरण में है कांग्रेस का दबदबा

पहले चरण में प्रदेश की 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। इनमें से 19 पर कांग्रेस का कब्जा है। भाजपा के पास एक सीट (राजनांदगांव) है जिसका प्रतिनिधित्व रमन सिंह कर रहे हैं। साल 2018 में पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने राजनांदगांव से करुणा शुक्ला को मैदान में उतारा था, जो भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुइ थीं। इस चुनाव में शुक्ला सिंह से 16,933 मतों के अंतर से हार गई थीं। सीएम भूपेश बघेल ने रमन सिंह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह भाजपा नहीं बल्कि रमन सिंह और उनकी टीम चुनाव लड़ रही है।

### 16 को छत्तीसगढ़ आएंगे अमित शाह

नवरात्र के दूसरे दिन यानी 16 अक्टूबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाले है। इसको लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। अमित शाह पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की नामांकन रैली में शामिल होंगे। इसी तरह, डोंगरगढ़ विधानसभा से विनोद खांडेकर, डोंगरगांव विधानसभा से भरत वर्मा और खुज्जी विधानसभा से गीता साहू नामांकन दाखिल करने वाली हैं। इसलिए इस रैली को बेहद खास माना जा रहा है। इस पर अभी से सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस ने निशाना साधा है कि रमन सिंह अपने दम पर चुनाव नहीं जीत सकते इस लिए अमित शाह को बुलाया जा रहा है.

### BJP नेता ने निर्दलीय के रूप में भरा नामांकन

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन भरना शुरू हो गया। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से टिकट न मिलने से भाजपा के नाराज नेता राजेश श्यामकर ने शुक्रवारको निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया।

### BRS: चुनाव प्रभारी देंगे विकास कार्यों की जानकारी



**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ पार्टी भारत राष्ट्र समिति ने विधानसभा चुनाव के लिए 54 प्रभारियों की पहली सूची जारी कर दी। ये प्रभारी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत के लिए काम करेंगे। बीआरएस के कार्यकारी प्रभारी केटी रामा राव ने नवनियुक्त प्रभारियों को टेलीकांफ्रेंसिंग कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। रामा राव ने प्रभारियों को सुझाव दिया कि उन्हें लोगों के पास जाकर पिछले 10 वर्ष में हुए विकास और बीआरएस सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए मतदान करने का अनुरोध करना चाहिए। टेलीकांफ्रेंसिंग में शामिल स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश कुमार ने कहा,आगामी चुनाव में पार्टी भारी जीत हासिल करेगी। उन्होंने प्रभारियों से 45 दिन तक इन दिशानिर्देशों पर पूरी मेहनत से काम करने की अपील की।

### भ्रष्टाचार कांग्रेस के 'डीएनए' में: राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** भाजपा ने आयकर विभाग के तलाशी अभियान के दौरान कर्नाटक के एक ठेकेदार से कथित तौर पर 42 करोड़ रुपए नकद बरामद होने के बाद इसका संबंध कांग्रेस से होने का दावा करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार कांग्रेस के 'डीएनए' में अंतर्निहित है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, हमें एक ठेकेदार अंबिकापति का नाम याद रखना चाहिए, जिन्होंने कांग्रेस की ओर से पिछले साल प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कर्नाटक में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार को 40 प्रतिशत कमीशन सरकार करार दिया था।

### युवती की आत्महत्या मामले में सियासत गरमाई, कांग्रेस ने साधा निशाना

# बीआरएस और भाजपा ने किया तेलंगाना को बर्बाद: राहुल गांधी

एजेंसी । हैदराबाद

तेलंगाना में 23 साल की एक युवती द्वारा आत्महत्या करने के मामले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को राज्य की बीआरएस सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि युवाओं के सपनों की हत्या है। राहुल गांधी ने कहा कि बीते 10 सालों में बीजेपी रिश्तेदार समिति( बीआरएस) और भाजपा ने मिलकर अपनी अयोग्यता के चलते राज्य को बर्बाद कर दिया है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखे एक पोस्ट में कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार आई तो वह एक जॉब कैलेंडर जारी करेगी और संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर तेलंगाना राज्य प्रशासनिक सेवा आयोग का पुनर्गठन किया जाएगा और एक साल में सरकारी पदों पर दो लाख भर्तियां की जाएंगी। यह गारंटी है। उल्लेखनीय है कि इस मसले को लेकर तेलंगाना में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



### यह किए वादे

- कांग्रेस सरकार बनी तो जॉब कैलेंडर जारी किया जाएगा
- एक साल में सरकारी पदों पर दो लाख भर्तियां होंगी
- तेलंगाना राज्य प्रशासनिक सेवा आयोग का फिर से गठन होगा

### खरगे बोले- राज्य के युवा बीआरएस सरकार से निराश

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी महिला की आत्महत्या पर दुख और नाराजगी जाहिर की। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में खरगे ने लिखा कि 'तेलंगाना में 23 वर्षीय महिला की आत्महत्या से हैरान और नाराज हूं। रिपोर्ट्स के अनुसार, राज्य प्रशासनिक सेवा आयोग की परीक्षाओं के बार-बार टलने से महिला परेशान थी।' खरगे ने लिखा कि तेलंगाना में हजारों युवा अभ्यर्थी निराश हैं क्योंकि बीआरएस सरकार परीक्षाओं का आयोजन कराने में उदासीनता बरत रही है। तेलंगाना के युवा भ्रष्ट, अयोग्य बीआरएस सरकार को सत्ता से बाहर करेंगे।बता दें कि मृतक महिला के पास से पुलिस ने सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें महिला ने अपने माता-पिता से उनके लिए कुछ ना कर पाने के लिए माफी मांगी है। इस बीच, राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने घटना को लेकर राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव से 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट मांगी। राज्यपाल ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रही प्रवल्लिका (23) के शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना जताई। राजभवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रवल्लिका की असामयिक मृत्यु से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवा अभ्यर्थियों के सामने उत्पन्न चुनौतियां रेखांकित होती हैं। राज्यपाल के ध्यान में आया है कि प्रवल्लिका ग्रुप दो परीक्षा की तैयारी कर रही थी, जिसे तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग ने स्थगित कर दिया था।

### यह था मामला

राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही प्रवल्लिका ने शुक्रवार को यहां अशोक नगर स्थित अपने छात्रावास में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने राज्य की भारत राष्ट्र समिति सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।

### मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव

# भाजपा की बढ़ेगी टेंशन, सपा व कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे चुनाव!




एजेंसी । लखनऊ

मध्य प्रदेश में अगामी विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के समाने कांग्रेस और सपा कड़ी की चुनौती पेश कर सकते हैं। समझा जा रहा है कि दोनों पार्टियां राज्य में मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। गठबंधन के तहत सपा को सात सीटें देने पर सहमति बन गई है, जबकि दो अन्य सीटों पर विचार किया जा रहा है। इस बारे में आधिकारिक घोषणा अगले सप्ताह किए जाने की संभावना है। दोनों पार्टियों के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

मध्य प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव में सपा ने बिजावर सीट जीती थी, जबकि छह सीटों पर वह दूसरे स्थान पर रही थी। दूसरे स्थान वाली सीटों पर उसकी मुख्य लड़ाई भाजपा से हुई थी। वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में सपा के सात विधायक जीते थे। इस बार सपा ने गठबंधन के तहत 10-12 सीटें मांगी थीं। इस मुद्दे पर सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव और कांग्रेस के मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला के बीच कई दौर की बातचीत हुई।

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, सपा को रीवा, दतिया, पन्ना और छतरपुर जिलों में सात सीटें दी जाएंगी। दो और सीटों पर सपा ने दावा किया है। यह दावा भी कांग्रेस आलाकमान के सामने प्रस्तुत कर दिया गया है। अंतिम निर्णय वहीं से लिया जाएगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया के एक प्रमुख नेता ने बताया कि नवरात्र में कांग्रेस प्रत्याशियों की जो सूची जारी करेगी, उसमें सपा की दी गई सीटों के प्रत्याशी भी शामिल होंगे।

### तेलंगाना विधानसभा चुनाव

## BRS का घोषणा पत्र आज

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति प्रमुख और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे। बीआरएस सूत्रों ने कहा कि राव कल से विधानसभा चुनावों के लिए तेजी से चलाये जाने वाले अभियान की शुरुआत करेंगे और इस क्रम में वह 41 सार्वजनिक रैलियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि केसीआर सिद्दीपेट जिले के हुस्नाबाद में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, जो उनके चुनाव अभियान की शुरुआत होगी।

**केसीआर 9 नवंबर को दाखिल करेंगे नामांकन:** मुख्यमंत्री नौ नवंबर को गजवेल और कामारेड्डी दोनों क्षेत्रों में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वह विधानसभा चुनाव में गजवेल और कामारेड्डी दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं।

## जीएसटी के नाम पर झूठ परोस रही है कांग्रेस: साव

**रायपुर।** गंजाजल पर जीएसटी लगाने के नाम पर छत्तीसगढ़ में जमकर सियासत गरमाई हुई है। भजपा और कांग्रेस जमकर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। सीएम भूपेश के बयान पर छत्तीसगढ़ भापा प्रदेश अध्यक्ष और लोरमी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अरुण साव ने पलटवार करते हुए कांग्रेस को घेरा है।

### प्रियंका गांधी ने किया द्रमुक के महिला अधिकार सम्मेलन को सम्बोधित

# महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू किया जाए

एजेंसी । चेन्नई

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को लोकसभा और विधानसभाओं की एक तिहाई सीटों के लिए महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू करने की मांग की और कहा कि महिलाओं के पास अब बर्बाद करने के लिए समय नहीं है। प्रियंका यहां द्रविड़ मुनेत्र कषगम द्वारा आयोजित महिला अधिकार सम्मेलन को संबोधित



कर रही थीं। उन्होंने कहा, आज सशक्तिकरण की बहुत चर्चा हो रही है क्योंकि हर राजनीतिक दल को यह एहसास होने लगा है कि महिलाएं एक मजबूत सामूहिक शक्ति बन सकती हैं जो हमारे देश के भविष्य को आकार देती है। उन्होंने कहा, लेकिन वे अभी भी हमारी ओर लालच की नजर से देखते हैं, वोट के लालच में। प्रियंका ने कहा, मेरी बहनों, आपकी ओर से मैं मांग करती हूं कि महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू किया जाए। हम, भारत की महिलाओं के पास बर्बाद करने के लिए और समय नहीं है।

### महिलाओं के काम को सम्मान दिया जाए

प्रियंका ने कहा कि महिलाओं के काम को महत्व और सम्मान दिया जाना चाहिए। प्रियंका ने ऐसी किसी भी व्यवस्था- सामाजिक, धार्मिक या राजनीतिक-को खारिज करने की मांग की जो हमारे उत्पीड़न पर पनपती है और हमें उसके साथ मिलीभगत करने के लिए मजबूर करती है।

### मध्य प्रदेश की चुनावी डायरी

# आदिवासी मतों को लेकर गरमाई सियासत, सीएम चौहान का पलटवार

एजेंसी । भोपाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के हाल के मध्य प्रदेश के दौरे के बाद आदिवासी मतों को लेकर राजनीति गर्मा गई है।

राहुल ने हाल में शहडोल में तथा प्रियंका गांधी ने मांडला में अपनी जनसभा में आदिवासियों के कल्याण को लेकर मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया था। इसी प्रकार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ भी राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर आदिवासियों को लेकर निशाना साधते रहते हैं। इसी पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कमलनाथ को आदिवासी विरोधी





बताया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों को अपमानित करने का ही काम किया है। कांग्रेस ने कभी आदिवासी जननायकों को सम्मान नहीं दिया। टांट्या मामा, भीमा नायक, रघुनाथ साह, शंकर साह, रानी दुर्गावती या बिरसा भगवान हों, भाजपा सभी के स्मारक बना रही है। जबलपुर में रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक बन रहा है। टंट्या मामा का स्मारक बनाया है। आदिवासी जनजनायकों के गौरव को पुनर्स्थापित करने का काम भाजपा सरकार ने किया है, लेकिन कांग्रेस ने केवल एक परिवार के स्मारक बनवाए।

### कमलनाथ पर कई योजनाएं बंद करने का आरोप

सीएम शिवराज सिंह ने यह भी कहा, ये कांग्रेस है, जिसने गरीब आदिवासी बहनों के पैसे बंद करने का पाप किया है। साल 2017 से बीजेपी सरकार बेगा, भारिया और सहरिया समुदाय की महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये प्रति माह डालती थी, लेकिन कांग्रेस ने इस योजना को बंद कर दिया था। साथ ही संबल योजना भी बंद कर दी। मुख्यमंत्री चौहान ने दावा किया है कि भाजपा गरीब भाई-बहनों को जूते-चप्पल पहना रही है, लेकिन इससे भी कांग्रेस को तकलीफ है। कोई बहन नंगे पांव तेंदूपत्ता तोड़ने जाती थी, उसके पैर में कंकर चुभते थे, जख्म होते थे। इसलिए भाजपा ने उन्हें जूते-चप्पल दिए, लेकिन कांग्रेस के सीने में दर्द होने लगा। इसलिए अपनी सरकार में उन्होंने आदिवासियों को जूते-चप्पल पहनाना बंद कर दिए। पानी की कुप्पी देनी बंद कर दी, साड़ी देनी बंद कर दी और भाजपा देती है तो तकलीफ होती है।

### आदिवासियों को सम्मान भी देंगे और सामान भी देंगे

मुख्यमंत्री ने कहा, हम आदिवासियों को सम्मान भी देंगे और सामान भी देंगे। हमारे दिल में आदिवासी भाई-बहनों के लिए जगह है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने लाडली बहना योजना बंद करने की भी तैयारी कर ली है। ट्वीट पर ट्वीट कर रहे हैं कि मामा चुपके से खातों में पैसा डालेंगे। सीएम ने कहा कि कोई भी योजना बंद नहीं की जा सकती।

### भाजपा के लिए कुलस्ते साधेंगे कई आदिवासी सीटें



भाजपा ने जिन केंद्रीय मंत्रियों को मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारा है उनमें फग्गन सिंह कुलस्ते का नाम भी शामिल है। कुलस्ते को मंडला की निवास विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। इस विधानसभा क्षेत्र की 60 प्रतिशत आबादी आदिवासी है। इसमें सबसे बड़ी संख्या गोंड जनजाति की है। कुलस्ते भाजपा के बड़े आदिवासी नेता हैं और यहां से उनको प्रत्याशी बनाए जाने का अर्थ है कि भाजपा कई आदिवासी सीटों के समीकरण अपने पक्ष में करना चाहती है। कुलस्ते मंडला से सात बार सांसद रह चुके हैं। 2018 के चुनाव में भाजपा यह सीट हार गई थी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा ने कुलस्ते को प्रत्याशी बनाकर महाकौशल अंचल की आदिवासी सीटों को साधने का प्रयास किया है। भाजपा को उम्मीद है कि कुलस्ते को प्रत्याशी बनाए जाने से महाकौशल अंचल में गोंडावन गणतंत्र पार्टी के प्रभाव को बेअसर करने में मदद मिलेगी। गोडावन स्वतंत्र पार्टी आदिवासियों में अपना प्रभाव बढ़ाने में जुटी है। कुलस्ते खुद मंडला जिले से हैं और डिंडौरी, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, सीधी और सिंगरौली के आदिवासी बेल्ट से उनका जमीनी जुड़ाव है। कुलस्ते को प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपा को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## जरूरी खबर

### 50 स्थानों पर छापे, 24 लोगों के खिलाफ केस दर्ज




**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने के आरोप में सरकारी अधिकारियों और अन्य व्यक्तियों सहित 24 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि सीबीआई इस मामले में पश्चिम बंगाल और गंगटोक में 50 स्थानों पर छापे भी मार रही है। अधिकारियों के मुताबिक, सीबीआई ने गंगटोक में तैनात एक अधिकारी और एक बिचौलिए को हिरासत में भी लिया है। उन्होंने बताया कि गैर-निवासियों सहित अयोग्य व्यक्तियों को कथित तौर पर रिश्वत लेकर जाली दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने के मामले में दर्ज की गई प्राथमिकी में 16 अधिकारियों सहित 24 व्यक्तियों के नाम शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, कोलकाता, सिलिगुड़ी, गंगटोक और अन्य स्थानों पर छापे मारे गए।

### अग्निवीर को 'गार्ड ऑफ ऑनर' नहीं दिए जाने पर रोष

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम मजीठिया ने शनिवार को अग्निवीर योजना के पहले शहीद अमृतपाल सिंह को सम्मानित नहीं किए जाने के फैसले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि अमृतपाल को कोई गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिया गया। यहां तक कि शहीद के शव को पंजाब में घर वापस लाने के लिए सेना की एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। उल्लेखनीय है कि पंजाब के मानसा जिले के गांव कोटली कलां 19 वर्षीय अमृतपाल सिंह अग्निवीर के तौर पर सेना में भर्ती हुए थे। उनकी जम्मू-कश्मीर के राजौरी में तैनाती थी।

### भारत-श्रीलंका के बीच शुरू हुई नौका सेवा

**चेन्नई।** भारत में तमिलनाडु स्थित नागपत्तिनम तथा श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में जाफना के समीप कांकेसनथुरई के बीच नौका सेवा शनिवार को शुरू हुई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत और श्रीलंका के कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने दोनों देशों के बीच एक नई नौका सेवा शुरू होने को संबंधों को मजबूत करने की दिशा में 'एक महत्वपूर्ण उपलब्धि' करार दिया। उन्होंने कहा, 'कनेक्टिविटी का मतलब केवल दो शहरों को नजदीक लाना नहीं है। यह हमारे देशों, हमारे लोगों और हमारे दिलों को करीब लाती है।

## बच्चों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह



*गांधीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को गुजरात के गांधीनगर के आंगनवाड़ी में केंद्र में पहुंचे। फुरसत के लम्हों में गृह मंत्री ने गेमिंग जोन में जाकर बच्चों से बातचीत की।*

### 23 अगस्त को मनेगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है। इस संबंध में सरकार ने शनिवार को अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया है कि 23 अगस्त 2023 को विक्रम लैंडर की लैंडिंग और प्रज्ञान रोवर की तैनाती के साथ मिशन की सफलता की याद में देशभर में हर साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा। अधिसूचना में सरकार ने कहा कि 23 अगस्त स्पेस मिशन में देश की प्रगति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह युवा पीढ़ी की विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ की रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है और स्पेस सेक्टर को एक प्रमुख प्रोत्साहन प्रदान करता है। इस ऐतिहासिक मिशन के परिणाम से आने वाले सालों में मानव जाति का काफी फायदा होगा। गौरतलब है कि 23 अगस्त को जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के साथ ही भारत अमेरिका, रूस, और चीन के बाद चांद पर पहुंचने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया था, जबकि चांद के साउथ पोल पर पहुंचने वाला भारत पहला देश है।

**मुंबई में आईओसी की बैठक, पीएम ने किया उद्घाटन, कहा...**

# ओलंपिक 2036 के आयोजन में कोई कसर नहीं छोड़ेगा भारत

एजेंसी | मुंबई

प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां कहा कि भारत अपनी धरती पर ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए बहुत उत्साहित है। साल 2036 में भारत में ओलंपिक का सफल आयोजन हो, इसके लिए भारत अपने प्रयासों में कोई कमी नहीं रखेगा। यह 140 करोड़ भारतीयों का बरसों पुराना सपना है। भारत 2029 में होने जा रहे यूथ ओलंपिक के आयोजन के लिए भी उत्सुक है। हमारा मानना है कि भारत को आईओसी का समर्थन मिलता रहेगा।

पीएम मोदी ने शनिवार को यहां जियो वर्ल्ड सेंटर में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने समिति के सत्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ जीत पर टीम इंडिया को बधाई दी। पीएम ने कहा, मैं टीम इंडिया और तमाम भारतीयों को पाकिस्तान के खिलाफ मिली इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देता हूं। भारत ने बहुत शानदार जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि 40 साल के अंतराल के बाद भारत में आईओसी का सत्र आयोजित होना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। पिछले ओलंपिक में कई भारतीय एथलीट ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हाल में संपन्न हुए एशिआई खेलों में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। उससे पहले हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भी हमारे युवा एथलीट ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। स्पोर्ट्स भारत की संस्कृति का एक अहम हिस्सा रहा है। आप भारत के गांवों में जाएंगे, तो पाएंगे कि बिना स्पोर्ट्स के हमारा हर त्योहार अधूरा है। हम भारतीय सिर्फ खेल प्रेमी नहीं हैं, बल्कि उसे जीने वाले हैं।



### क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की सिफारिश

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, यह सुनकर हर कोई खुश है कि आईओसी एग्जिक्यूटिव बोर्ड ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की सिफारिश की है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही हमें इस बारे में कुछ सकारात्मक खबर मिलेगी।

### एकनाथ शिंदे ने किया पीएम मोदी का स्वागत

इससे पहले पीएम मोदी के जियो वर्ल्ड सेंटर पहुंचने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस ने स्वागत किया।

### भारत एक प्रेरणादायक स्थान: थॉमस बाख

इस मौके पर आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा, भारत हमारे आईओसी सत्र को आयोजित करने के लिए वास्तव में एक प्रेरणादायक स्थान है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा देश है जो भविष्य के लिए आत्मविश्वास के साथ-साथ एक शानदार इतिहास और गतिशील वर्तमान को जोड़ता है। वहीं, उद्यमी नीता अंबानी ने कहा, आज दुनिया को भाईचारे और एकजुटता की पहले से ज्यादा जरूरत है। यह युद्ध के मैदानों पर नहीं हो सकता है, यह केवल खेल के मैदानों पर ही हो सकता है।

**भारतीयों के लिए बढ़ेंगे अवसर**

## अमेरिका अब पांच साल के लिए देगा रोजगार कार्ड

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिका ने हाल ही में इमिग्रेशन सर्विसेस यानी आव्रजन प्रक्रिया में कुछ बदलाव किए हैं जिससे ग्रीन कार्ड की बाट जोह रहे हजारों भारतीयों को राहत मिलने की उम्मीद है। दरअसल, अमेरिका ने घोषणा की है कि वह कुछ गैर-अप्रवासी श्रेणियों (ग्रीन कार्ड की प्रतीक्षा कर रहे लोगों सहित) को पांच साल के लिए रोजगार प्राधिकरण कार्ड प्रदान करेगा जिससे वहां पर रहने वाले लोगों को सहुलियत होगी। अभी तक अमेरिका सिर्फ तीन साल तक के लिए ही ऐसे वीजा जारी करता था। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा ने बताया कि वह कुछ गैर-नागरिकों के लिए प्रारंभिक तथा नवीनीकरण के लिए रोजगार प्राधिकरण दस्तावेजों की अधिकतम वैधता अवधि को पांच साल तक बढ़ा रहा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की कंपनियों से एक बार नौकरी के लिए ऑफर लेटर मिलने के बाद कि सबसे बड़ी प्रक्रिया ग्रीन कॉर्ड पाने मिलने की होती है। इस प्रक्रिया में लोगों को बहुत सारी जांच और साक्षात्कार से गुजरना होता है। अभी तक अमेरिका सिर्फ तीन साल तक के लिए ही ऐसे वीजा जारी करता था।




### क्या होता है ग्रीन कार्ड?

ग्रीन कार्ड अमेरिकी सरकार का आधिकारिक निवासी कार्ड है। अमेरिका दुनिया के कई देशों को अस्थायी रूप से अप्रवासी कार्ड जारी करता है। इस कार्ड के जरिए आप अमेरिका में कई सालों तक रह सकते हैं। भारत से अमेरिका में इस कार्ड को हासिल करने के लिए 11 लाख लोगों ने आवेदन कर रखा है।

## एस जयशंकर ने की सऊदी विदेश मंत्री से वार्ता

एजेंसी | नई दिल्ली

इजरायल-हमास के बीच संघर्ष को लेकर उत्पन्न गंभीर हालात पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने सऊदी समकक्ष प्रिंस फैसल बिन फरहान से बात की।

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री के साथ हमास-इजरायल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना एक सार्वभौमिक दायित्व है और आतंकवाद से लड़ना एक वैश्विक जिम्मेदारी है।



### एकतरफा फैसले सही नहीं: मीरवाइज

ऑल पार्टी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन मीरवाइज मौलवी उमर फारूक ने कहा है कि...एकतरफा फैसले नहीं किए जा सकते हैं. हमने हमेशा महसूस किया है कि इस मुद्दे का समाधान ढूंढना चाहिए। उमर फारूख ने फलस्तीन के लोगों को उनके अधिकार देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है फलस्तीन के लोगों को उनके बुनियादी अधिकार दिए जाने चाहिए। इजरायल के लोगों को भी शांति से रहना चाहिए।

### भारतीय होने के नाते हम भाग्यशाली: शेहला

जेएनयू छात्रसंघ की पूर्व उपाध्यक्ष शेहला राशिद ने एक पत्रकार के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए लिखा, मध्य पूर्व की घटनाओं को देखते हुए आज मुझे एहसास हो रहा है कि भारतीय होने के नाते हम कितने भाग्यशाली हैं। सेना और सुरक्षा बलों ने हमारी सुरक्षा के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया है।

### तमिलनाडु: UPSC की तैयारी कर रहे छात्रों को सहायता

**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा कल्याण व खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने घोषणा की कि राज्य सरकार सिविल सेवा की तैयारी कर रहे 1,000 छात्रों को 7,500 रुपए की वित्तीय सहायता देगी जिससे उनको परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिल सकेगी। उन्होंने कहा, हमारी नान मुधलवन योजना के तहत 13 लाख छात्र लाभान्वित हुए।

## संसद का भ्रमण



*नई दिल्ली। पी20 प्रतिनिधियों के साथ नए संसद भवन का दौरा करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।*

**बदलती भू-राजनीति पर बोले सीडीएस चौहान**

# चीन मुखर होकर उभरेगा, कुछ देश आ सकते हैं साथ

एजेंसी | बेंगलुरु

भारतीय सशस्त्र सेनाओं के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान का कहना है कि आने वाले समय में भू-राजनीति में रूस का महत्व कम होता जाएगा।

वहीं चीन मुखर होकर उभरेगा। इसके साथ ही उन्होंने सेना की तकनीकी, उसके काम करने के तरीके में बदलाव की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि हालिया वैश्विक घटनाओं में भारत की भूमिका सहज ही बढ़ेगी ऐसी परिस्थितियों में सेना का विकास करना समय की मांग है। 21वीं सदी भारत की सदी है, इसलिए सेना को देश की जरूरतों के अनुसार खुद को बदलना होगा। सीडीएस ने यहां आयोजित एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल लेक्चर में अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सैन्य बल लगातार अपने आप को बदल रहे हैं और यह आज की जरूरत है। हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जो अनिश्चित्ताओं से भरा है और इसके लिए बड़े बदलाव करने की जरूरत है।

मैं और तीनों सेनाओं प्रमुख हमारे चारों तरफ हो रहे परिवर्तनों को एक निश्चित दिशा में, एक निश्चित गति देने का प्रयास कर रहे हैं। हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जो अनिश्चित है, इसके लिए हमें बड़े परिवर्तन की आवश्यकता होगी।



### सैन्य बल बदलावों को लेकर सचेत

सीडीएस ने कहा कि सैन्य बल भी इन बदलावों को लेकर सचेत हैं और वह भी इन्हें अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। जहां तक वायुसेना की बात है, उन्होंने नेटवर्क केंद्रित युद्धकला में बेहतरी हासिल की है। वहीं नौसेना में भी मिशन आधारित तैनाती हो रही है।

### ये देश आ सकते हैं चीन के साथ

चीन को लेकर सीडीएस ने कहा कि बेशक रूस और चीन के साझा हित होंगे और कुछ अन्य देश भी इनके साथ आ सकते हैं। इनमें उत्तर कोरिया और ईरान का नाम शामिल है। उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए लंबा वक्त बीत गया है और इसके चलते पश्चिमी देशों ने रूस पर भारी आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसका असर रूस की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। साथ ही बीते दिनों रूस के वैगनर ग्रुप ने वहां की सेना के खिलाफ ही बगावत कर दी थी। इस दौरान वैगनर ग्रुप के सैनिक राजधानी मॉस्को के नजदीक तक पहुंच गए थे।

### अचानक आने वाले संकटों को लेकर करनी होगी तैयारी

सीडीएस चौहान ने कहा, वास्तविक समस्या अवसरों की कमी नहीं है, बल्कि अचानक से आ जाने वाले संकट हैं जिनको लेकर हमें जरूरी तैयारियां करनी होती हैं। चुनौतियां और खतरे बहुत आसान हैं, लेकिन अवसर वास्तविक समस्याएं हैं क्योंकि वे अचानक सामने आ जाते हैं। आने वाले दिनों में कौन से अवसर आएंगे इसकी भविष्यवाणी करना हमारे लिए बड़ी चुनौती होगी।

**पी 20 समिट में मंत्रणा**

## संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान पर दिया जोर

एजेंसी | नई दिल्ली

जी 20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी20) नई दिल्ली में समाप्त हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस समारोह में कहा, किसी भी मुद्दे को अलग-थलग करके नहीं देखा जा सकता। खासकर ऐसे समय में जब दुनिया एक दूसरे से जुड़ी है। यहां तक कि जी20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी20) में नेताओं ने पश्चिम एशिया संघर्ष और अन्य मुद्दों को उठाया। भू-राजनीतिक मुद्दे पर पी20 शिखर सम्मेलन में अपने समापन वक्तव्य में, बिरला ने कहा कि कुछ सदस्यों ने शनिवार को दो दिवसीय विचार-विमर्श के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों और हालिया भू-राजनीतिक विकास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कई सदस्यों ने विचार-विमर्श के लिए सूचीबद्ध विकास के एजेंडे से पीछे हटने का फैसला लिया और वैश्विक चुनौतियों और आर्थिक मुद्दों से संबंधित मामले उठाए। कई सदस्यों ने पश्चिम एशिया की स्थिति का उल्लेख किया, जबकि कुछ अन्य ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को प्रोत्साहित करने की जरूरत और लचीली सप्लाई चेन की जरूरत के बारे में बात की।

## 'विंक योर विंग्स': महात्मा ज्योतिराव फुले विश्वविद्यालय कैम्पस में फ्रेशर्स प्रोग्राम

# 'डांसिंग' में बाबा रामदेव का 'योगा'

**बेधड़क.जयपुर।** जब युवाओं ने डांसिंग योग स्टेज पर कलाबाजियों के साथ दर्शाया तो हजारों हाथों ने हूटिंग से तालियों से उनका वेलकम किया। युवाओं ने बाबा रामदेव के समान शरीर को इतना लचीला दर्शाया कि हर कोई दंग रह गया। इसके बाद गर्ल्स की रैंप वॉक और लाइव बैंड की धुनों ने पांडाला में ऐसा जोश भरा, जो शाम तक नहीं रुका। ये वाइब्रेंट नजारा था महात्मा ज्योतिराव फुले विश्वविद्यालय के अचरोल कैम्पस में फ्रेशर्स प्रोग्राम 'विंक योर विंग्स'और 'नेवर फोरगेट यू' फेयरवेल-2023 का, जिसमें हजारों गर्ल्स-बॉयज ने पार्टिसिपेट करते हुए कई परफॉर्मे से समा बांध दिया। इस अवसर पर फ्रेशर्स 'विंक योर विंग्स' कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने आकर्षक प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ फ्रेशर्स का स्वागत किया। एमजेआरपी यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि गर्ल्स में चेतना यूजी और जानवी कंवर पीजी में मिस फेयरवेल चुनी गईं तो पीजी बॉयज में उज्जवल शर्मा मिस्टर फेयरवेल बने।





### भावुक पलों के बीच दिए मैसेज

'नेवर फोरगेट यू' फेयरवेल-2023 में जूनियर्स ने सीनियर्स को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ भावुक विदाई दी। प्रारंभ में स्टूडेंट्स का तिलक-रोली, मोली लगाकर स्वागत किया। स्टूडेंट्स को स्मृति चिह्न दिए गए। गर्ल्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। विद्यार्थियों ने गीत, गजल, स्किट और डांस से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पंवार ने कहा कि स्टूडेंट्स का यह स्वर्णिम युग होता है और यहीं से उनके असली जीवन की शुरुआत होती है। उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारित कर कॅरियर पर ध्यान देना चाहिए।




फोटो: पंकज शर्मा

### मंच पर पत्रकारिता और रिपोर्टर भर्ती पर डाला प्रकाश

यूनिवर्सिटी के मीडिया डिपार्टमेंट की ओर से खेले गए एक स्किट से स्टूडेंटस ने पत्रकारिता और रिपोर्टर भर्ती पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी परफॉर्मे में बताया, कि मेहनती और दूसरों की मदद करने वालों को सफलता जरूर मिलती है। इस संदेश को देखकर हर कोई रोमांचित हो गया और गर्मजोशी से युवाओं को मोटिवेट किया।

## मिस्टिकल फॉरेस्ट ने जमाया रंग



**बेधड़क. जयपुर।** डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की ओर से जेकेके में नृत्य नाटिका मिस्टिकल फॉरेस्ट की प्रस्तुति रोमांचित कर गई। मयूरभंज छाऊ और समकालीन नृत्य विधा पर आधारित ऐसी नृत्य नाटिका थी, जिसमें प्राकृतिक परिवेश में रहने वाले लोगों की उस पीड़ा को दर्शाया गया जो बाहरी हस्तक्षेप के कारण होती है। छाऊ नृत्य में प्रयोग होने वाले विभिन्न मास्क और लाइटिंग ने दर्शकों पर छाप छोड़ी। साध्या संस्था दिल्ली की प्रस्तुति का निर्देशन कोरियोग्राफर संतोष नायर ने किया। संगीत उपमन्यु भनोत और लाइटिंग मिलिंद श्रीवास्तव की रही। मुख्य अतिथि जे एस डब्लू प्राइवेट लिमिटेड के थर्मल बिजनेस हैड रहे। डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान अध्यक्ष श्रेया गुहा और आई ए एस संदीप वर्मा व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र निदेशक फुरकान खान उपस्थित रहे।

## नई ऑडिट रिपोर्ट पर सेमिनार



**बेधड़क. जयपुर।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया की जयपुर ब्रांच मैंबर्स के लिए ट्रांसफर प्राइसिंग अध्ययन और फॉर्म 3 सीईबी व चेरिटेबल संगठन के लिए नई ऑडिट रिपोर्ट पर सेमिनार हुई। जयपुर ब्रांच अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल व सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया कि सेमिनार का मोटिव वित्तीय और आयकर कानूनों का पालन करते हुए ट्रांसफर प्राइसिंग अध्ययन रिपोर्ट और फॉर्म 3सीईबी कैसे तैयार करें था। साथ ही हाल ही में चेरिटेबल संगठनों के लिए आयकर व वित्तीय क्षेत्र में नया परिवर्तन हुआ है, पर सीए सदस्यों का ध्यान दिलाना था। इस मौके पर कानूनी जानकारी, डेटा संकलन, इंटरनेशनल लेन-देन की जांच आदि की जानकारी दी गई।

## घर से ही भगा सकेंगे घुटनों का दर्द



**बेधड़क. जयपुर।** अब घुटनों के दर्द का इलाज प्राचीन और नई तकनीक से विशेषज्ञों की सलाह के साथ घर पर किया जा सकता है। ऑपरेशन को 10 से 15 साल तक के लिए टाला भी जा सकता है। मसल्स स्टिमुलेशन का इस्तेमाल और ग्रीरिस डालने से दर्द कम करते हुए इलाज कर सकते हैं। यह कहना था एसएमएस हॉस्पिटल आरआरसी प्रमुख पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. संजीव बंसल का। वे अपना अनुभव और जर्नी शेयर कर रहे थे। डॉ. बंसल ने बताया कि घुटने के दर्द के इलाज के लिए नई तकनीक का विकास किया जा चुका है, जो बिना किसी ऑपरेशन या दवाओं के संभव है। तकनीक में मांसपेशियों की प्रोत्साहन, इंजेक्शन, जूते की संरचना का सुधार और कई और सरल तरीकों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि यह तकनीक न केवल नई है, बल्कि यह एक प्राचीन तकनीक का संयोजन है।

## जमवाय माता की पदयात्रा रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** वैष्णो माता मंदिर ग्रीन पार्क विस्तार से जमवाय माता की 13वीं पदयात्रा ध्वज पूजन के साथ रवाना हुई। ध्वज पूजा में सांसद दीया कुमारी, रामसिंह राजावत, अमर सिंह राजावत, मदनसिंह राठौड, हरसिंह राठौड़,मंदिर मंहत व कॉलोनी वासी शामिल हुए और छह सौ पदयात्री व समिती के सदस्यों को जयकारों के साथ रवानगी दी। भरत सिंह राजावत ने बताया कि यात्रा ग्रीनपार्क से सुबह आठ बजे रवाना हो कर दादी का फाटक, मुरलीपुरा, विधाधर नगर, आरपीए रोड चांदपोल,छोटी चौपड़, गणगौरी बजार, माउंट रोड, रामगढ़ रोड, नाई की थड़ी सायपुरा, लाली रामगढ़ होते हुए जमवाय माता धाम पहुंचेगी।

## City इवेंट्स

### श्रीकृष्ण शर्मा की पुस्तक का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्रीकृष्ण शर्मा (संयुक्त शासन सचिव, वित्त बजट विभाग) की पुस्तक 'राजस्थान का आर्थिक परिदृश्य' का विमोचन किया। राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक अर्थव्यवस्था के मूलभूत सिद्धांतों के साथ व्यावहारिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर लिखी गई है। किताब में राजस्थान की अर्थव्यवस्था की अद्यतन सूचना शामिल की गई है। साथ ही इसमें कृषि, उद्योग, सेवा क्षेत्र, अवसंरचना, सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक सुरक्षा के नवीनतम तथ्य विस्तार से समझाए गए हैं। इस मौके पर वरुण मिश्रा, डॉ. बी एस लाड़ला, पवन जैमन आदि मौजूद रहे।

### मेहंदी और चित्रकला प्रतियोगिता



**बेधड़क. जयपुर।** अग्रसेन की जयंती पर अग्रवाल समाज समिति अग्रवाल फार्म मानसरोवर महिला मंडल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समाज के बच्चों व महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। मेहंदी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को संस्था भवन पर समाज बंधुओं के एक सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा।

### 10 हजार भक्त करेंगे नवचंडी महायज्ञ



**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी में 11 विद्वान पंडित पूजन, हवन व नवचंडी का पाठ करेंगे। मौका होगा मालवीय नगर सेक्टर-12 स्थित घिया हॉस्पीटल के पास श्रीमालेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को श्रीनवदुर्गा सप्तशती नवचंडी महायज्ञ का। आचार्य डॉ. लवभूषण ने बताया कि महायज्ञ के लिए 9 हवन यज्ञ कुंड बनाए गए हैं। सुबह 9 बजे पूजन के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का आयोजन होगा। 15 तारीख यानी 1+5 अर्थात 6 है। छह लक्ष्मीजी का दिन होता है। इसी दिन प्रथम नवरात्रा भी है। लक्ष्मीजी को प्रसन्न करने के लिए नवकुंडी नवचंडी महायज्ञ किया जा रहा है। महायज्ञ को श्री दुर्गा सप्तशती के 13 अध्याय व 700 श्लोकों से किया जाता है। अब तक करीब 10 हजार रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

## वीजीयू में फोरेंसिक विज्ञान में विकास पर सम्मेलन

# अनुसंधान को बढ़ावा, नवीन विचारों का किया आदान-प्रदान



**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी एनएएसी ए+ में शनिवार को फोरेंसिक विभाग तथा हॉक आई फोरेंसिक (नोएडा) के सहयोग से हुए दो दिवसीय फोरेंसिक ज्ञान कार्यक्रम का समापन हुआ।

सम्मेलन का उद्देश्य सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देना, नवीन विचारों का आदान-प्रदान करना और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना था। कार्यक्रम में बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, जूलॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी ज्ञानेश्वर चौबे, आईपीएस ऑफिसर डॉ. रामेश्वर सिंह और एम्स दिल्ली के फोरेंसिक मेडिसिन के डॉ. संजीव लालवानी मौजूद रहे।

सम्मेलन में विशेषज्ञों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण मुद्दों और भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित किया। सम्मेलन के पहले दिन मुख्य अतिथि एसएफएसएल के डायरेक्टर डॉ. अजय शर्मा, रिटायर्ड डीजीपी बी एल सोनी, एएजेएफएमटी अनिल अग्रवाल, एडीजीपी हेमन्त पुरोहित मौजूद रहे।

इस अवसर पर डॉ. अनिल अग्रवाल ने ग्रेव फोरेंसिक 'टैफोनोमी' के बारे में अवगत कराया। डॉ. हेमंत पुरोहित ने बताया कि फोरेंसिक विज्ञान न सिर्फ विभिन्न विज्ञानों का एक संग्रह है, बल्कि यह एक प्राचीन विषय भी है। डॉ. अजय शर्मा ने एफएसएल की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वाइस चेयरपर्सन डॉ. केआर बागरिया और प्रेसिडेंट डॉ. विजय वीर सिंह को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में एसएफएसआई जयपुर के डॉ. आनंद कुमार, डॉ. बैजु माथुर, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. मुकेश कुमार आदि ने हिस्सा लिया।

### सवाई मानसिंह पोलो कप टूर्नामेंट का आगाज कल से



**जयपुर।** द लीला महाराजा सवाई मानसिंह पोलो कप-2023 टूर्नामेंट राजस्थान पोलो क्लब में 16 से 22 अक्टूबर तक होगा। लीला पैलेसेज, होटल्स एंड रिसॉर्ट्स द्वारा राजस्थान पोलो क्लब के साथ विशेष कोलेबोरेशन के दूसरे वर्ष में पोलो कप की घोषणा हुई है। द लीला पैलेसेज, होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अनुराग भटनागर ने कहा कि पिछले वर्ष राजस्थान पोलो क्लब के सहयोग से द लीला महाराजा सवाई मान सिंह पोलो कप के लिए ब्रांड स्पॉन्सरशिप के साथ पोलो की शाही परंपरा का जश्न मनाने के लिए एक यात्रा शुरू की थी। जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह टीम का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान पोलो क्लब से नरेंद्र सिंह ने कहा कि पोलो कप के दूसरे सीजन के लिए कोलेबोरेट करना प्रसन्नता का विषय है।

**पेजेंट** चौमूं पैलेस में अलग-अलग कंट्रीज की ब्यूटी क्वीन ने अपने कल्चर को किया प्रमोट

# यूनाइटेड किंगडम की लौरा बनी मिस ओसियन वर्ल्ड

**बेधड़क** | जयपुर

मिस ओसियन वर्ल्ड का फिनाले चौमूं पैलेस में आयोजित किया गया। भारत में पहली बार इस पेजेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कई देशों की मॉडल्स जयपुर में शिरकत करती दिखाई दीं। इस बार विनर का ताज लौरा यूनाइटेड किंगडम के सिर सजा तो फर्स्ट रनरअप आडरिया बुल्गारिया रही और सेकंड रनरअप अवंती श्रॉफ इंडिया, थर्ड रनरअप मर्सी तंजानिया व फोर्थ रनरअप का खिताब जेडली सुमीन कोरिया ने अपने नाम किया। आयोजक योगेश मिश्रा व चौमूं पैलेस के जीएम सीपी राठौर ने बताया कि मिस ओसियन वर्ल्ड ब्यूटी प्रेजेंट का आयोजन पहली बार किया गया। गौरतलब है इंटरनेशनल ब्यूटी प्रेजेंट के कार्यक्रमों में टूरिज्म, कल्चर, हैरिटेज प्रमोशन के साथ कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम किए जाते हैं। ऐसे में जयपुर के लिए गर्व की बात है कि यहां के टूरिज्म कल्चर को प्रमोट करने के लिए मिस ओसियन वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ने फिनाले का आयोजन किया।




### सात दिन चला पेजेंट का जादू

7 दिन चलने आयोजन में अलग-अलग कंट्रीज की ब्यूटी क्वीन ने अपने कल्चर, हैरिटेज और ट्रेडिशन को प्रमोट किया। कार्यक्रम की मुख्य थीम क्लीन और पॉल्यूशन फ्री ओसियन रही। इन 7 दिनो में गाउन राउंड व स्विम सूट राउंड के तहत फोटोशूट के साथ मॉडल्स ने क्लीन ओसियन का मैसेज दिया। वहीं जूरी पैनल में मैनेजिंग डायरेक्टर चौमू पैलेस अतुल डंगायच, एमडी आर्य ग्रुप ऑफ कॉलेज डॉक्टर पूजा अग्रवाल, डॉक्टर प्रमिला संजय, जनरल मैनेजर चौमू पैलेस सीपी राठौर, इंटरनेशनल डायरेक्टर ओसियन वर्ल्ड योगेश मिश्रा रहे और विनर्स का चुनाव किया।

### निशा बनी मिस सेलेस्ट

वहीं इससे पहले मिस सेलेस्ट इंडिया के ग्रैंड फिनाले का आयोजन भी किया गया था। मिस सेलेस्ट इंडिया का खिताब निशा सिंह के नाम रहा तो निशा चौहान फर्स्ट रनरअप और संजना शेखेर मंत्री सेकेंड रनरअप बनी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, रविवार, 15 अक्टूबर, 2023





अच्छा समय कुछ दिखता है तो कठिन समय कुछ सिखाता है। दोनों समय ही अमूल्य हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## दहशतजदा फिलिस्तीनियों का उत्तरी गाजा से पलायन शुरू



*तेल अवीव। इजराइल की 24 घंटे में उत्तरी गाजा छोड़ने की धमकी के बाद हजारों दहशतजदा फिलिस्तीनियों ने बड़ी संख्या में क्षेत्र से पलायन शुरू कर दिया है। इजराइल की चेतावनी के बीच, जमीनी कार्रवाई की आशंका बढ़ गई है। इजराइल की ओर से शुक्रवार को जारी हमलों के बीच लोग कार, ट्रक और खच्चरों पर परिजनों के अलावा जरूरत का कुछ सामान लाद कर दक्षिण में मुख्य सड़कों की तरफ निकल पड़े।*

### इजराइल का आदेश: उत्तरी गाजा खाली करो

# इस तरह की चेतावनी 'बेहद खतरनाक': UN चीफ गुतारेस



**एजेंसी** | संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि इजराइल का उत्तरी गाजा में करीब 11 लाख लोगों को 24 घंटे के भीतर वहां से चले जाने की चेतावनी देना 'बेहद खतरनाक' है और यह 'कतई संभव नहीं' है। उन्होंने कहा कि युद्ध के भी कुछ नियम होते हैं।

गाजा में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों को गुरुवार को इजराइली सेना में उनके संपर्क अधिकारियों ने सूचना दी कि उत्तरी गाजा की तकरीबन 11 लाख लोग अगले 24 घंटे के भीतर दक्षिणी हिस्से में चले जाएं। यह आदेश संयुक्त राष्ट्र के सभी कर्मियों और उन लोगों पर भी लागू होता है, जिन्होंने स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और क्लीनिक समेत संयुक्त राष्ट्र केंद्रों में शरण ली हुई है।

गुतारेस ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा, 'घनी आबादी वाले युद्ध क्षेत्र में 10 लाख से अधिक लोगों का ऐसे स्थान पर जाना जहां न भोजन है, न पानी और न ही रहने की जगह और कुछ मामलों में तो बिल्कुल भी संभव नहीं है।'

### गाजा में भरे पड़े हैं अस्पताल व मुर्दाघर

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि हवाई हमलों के कुछ दिन बाद इजराइली रक्षा बलों ने गाजा और उसके आसपास के इलाकों में फिलिस्तीनियों को दक्षिणी क्षेत्र में जाने का आदेश दिया है। गहन चिंता व्यक्त करते हुए गुतारेस ने कहा कि 'दक्षिणी गाजा में अस्पताल पहले ही भरे हुए हैं और वे उत्तरी गाजा के हजारों नए मरीजों का इलाज नहीं कर पाएंगे।' उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्रणाली 'चरमराने के कगार' पर है और 'मुर्दाघर भी भरे पड़े हैं।'

### हिजबुल्लाह आया तो इजराइल को पड़ेगा भारी: ईरान

इस बीच, ईरान के विदेश मंत्री ने शनिवार को इजराइल से गाजा पर अपने हमले रोकने का आह्वान किया और उसे चेतावनी दी है कि अगर हिजबुल्लाह लड़ाई में शामिल हुआ तो युद्ध मध्य पूर्व के अन्य हिस्सों में फैल सकता है तथा इससे इजराइल को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

### इजराइल से भारतीय नागरिकों की निकासी

# दो विशेष उड़ानें हुई शुरू

**एजेंसी** | यरुशलम

लगातार दो दिनों में 400 से अधिक भारतीय नागरिकों की इजराइल से निकासी के बाद तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने इजराइल-हमास संघर्ष के बीच देश छोड़ने के इच्छुक और भारतीयों की सुविधा के लिए शनिवार को दो विशेष उड़ानें शुरू की हैं।

'ऑपरेशन अजय' के तहत विशेष उड़ानें उन भारतीय नागरिकों की वापसी की सुविधा के लिए 12 अक्टूबर को शुरू की गईं, जो गाजा से हमास आतंकियों द्वारा इजराइली शहरों पर किए गए भीषण हमलों के बाद पैदा हुए हालात के मद्देनजर वतन लौटना चाहते हैं।

पहली उड़ान स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम 5:00 बजे रवाना होने की सूचना है और इसमें 230 यात्री सवार हो सकते हैं। दूसरी उड़ान स्थानीय समयानुसार रात 11:00 बजे निर्धारित है और इसमें 330 यात्री सवार हो सकते हैं। ये दोनों उड़ानें रविवार सुबह भारत पहुंचेंगी। राजदूत संजीव सिंगला ने बताया, 'दूतावास भारतीयों की सुविधा के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है।'



### 18,000 भारतीय इजराइल में

दो शिशुओं सहित 235 भारतीय नागरिकों का दूसरा जत्था शनिवार सुबह दिल्ली पहुंच गया। इजराइल से पहली विशेष उड़ान गुरुवार देर शाम 211 वयस्कों और एक शिशु को लेकर रवाना हुई और शुक्रवार सुबह दिल्ली पहुंची। इजराइल में नर्स, छात्रों, कई आईटी पेशेवरों और हीरा व्यापारियों समेत लगभग 18,000 भारतीय नागरिक रहते हैं। सात अक्टूबर को गाजा पट्टी से हमास द्वारा इजराइल पर हमले के बाद भारतीय नागरिकों की निकासी की शुरुआत हुई।

### 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर रजिस्ट्रेशन

इजराइल में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, 'दूतावास ने शनिवार को दो विशेष उड़ानों को लेकर अगले जत्थे के लिए पंजीकृत भारतीय नागरिकों को ई-मेल किया है। अन्य पंजीकृत लोगों को संदेश बाद की उड़ानों के लिए भेजा जाएगा।' दूतावास के डेटाबेस में सभी भारतीयों को पंजीकृत करने के लिए भारतीय दूतावास द्वारा शुरू किए गए एक अभियान के बाद यात्रियों को 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर चुना जाता है। उनकी वापसी का खर्च सरकार उठा रही है।

### पाकिस्तान सरकार का चुनाव संबंधी ऐलान

# सभी पंजीकृत दल लड़ पाएंगे चुनाव: काकर

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने स्पष्ट किया है कि चुनाव आयोग में पंजीकृत सभी राजनीतिक दल आगामी चुनाव में हिस्सा ले सकेंगे। उनका बयान ऐसे वक्त में आया है, जब पीटीआई के भविष्य को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं।



पीटीआई प्रमुख इमरान खान जेल में हैं और विशेषज्ञ उनकी पार्टी पर प्रतिबंध लगाए जाने की आशंका जता रहे हैं। पाक मीडिया से बात करते हुए काकर ने कहा कि उनकी सरकार पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के साथ पंजीकृत किसी भी राजनीतिक दल को चुनाव में भाग लेने से रोकने के पक्ष में नहीं है। ईसीपी के साथ पंजीकृत प्रत्येक पार्टी अपने उम्मीदवार का नामांकन दाखिल करने की हकदार है। चुनाव आयोग ने कहा है कि पाकिस्तान में अगले साल जनवरी के अंतिम सप्ताह में चुनाव होंगे। इमरान की पार्टी पीटीआई के हजारों कार्यकर्ताओं में हिंसा मामले में मुकदमे दर्ज हैं। हालांकि काकर के बयान से साफ हो गया कि पीटीआई को चुनाव लड़ने से नहीं रोका जाएगा।

### नेपाल में हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट घायल

**नई दिल्ली।** नेपाल के सोलुखुम्बु जिले के लोबुचे क्षेत्र में शनिवार को एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया है। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के जगन्नाथ निरुला ने बताया कि एवरेस्ट आधार शिविर के पास लुकला के समीप उड़ान भरने वाला हेलिकॉप्टर 9एन एएनजे थोड़ा पलट गया और लोबुचे में उतरने की कोशिश करने के दौरान उसमें आग लग गई।

### पाकिस्तान: बलूचिस्तान में आतंकी हमला

# घर में घुस छह श्रमिकों की हत्या

**एजेंसी** | कराची

पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में बंदूकधारियों ने एक घर पर हमला कर छह श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि हमले में दो लोग घायल हुए हैं। घटनास्थल बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से करीब 606 किलोमीटर दक्षिण में है। उन्होंने बताया, 'हथियारबंद लोग उस घर में घुस गए जहां मजदूर रह रहे थे और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।'

घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मजदूर बलूचिस्तान के बाहर से थे और शहर में एक निजी निर्माण परियोजना में काम करते थे। यह पहली बार नहीं है कि विभिन्न परियोजनाओं पर काम करने के लिए बलूचिस्तान आने वाले मजदूरों को अलगाववादी समूहों ने निशाना बनाया है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सरकार द्वारा गैरकानूनी घोषित अलगाववादी समूह पहले भी कई बार लोगों को निशाना बनाते रहे है।

### मोटापे से हैं परेशान

# कॉफी पीने से मिल सकता है रिलीफ!

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अगर आप दिन भर में तीन-चार कप कॉफी पीते हैं तो कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से बच सकते हैं। यह बात एक शोध में सामने आई है।

दरअसल, मोटापे का सामना करने वालों के लिए यह एक खुश खबरी है। शोध के मुताबिक कॉफी सेवन हॉर्ट रोग, टाइप 2 डायबिटीज और कैंसर के कुछ मामलों में भी बेहद कारगर है। मोटापे में भी इसे उपयोगी तो माना गया है, अलबत्ता कितना इस सवाल का जवाब अध्ययन कर ढूंढने की जरूरत है। वास्तव में इस तथ्य के पीछे विज्ञान है, जिसे समझना जरूरी है।



### औसतन 0.12 किलो का फर्क

शोध में वजन से संबंधित निष्कर्ष बहुत मामूली थे। एक कप कॉफी के आधार पर चार साल में औसतन 0.12 किलो वजन बढ़ने से रोका गया, जो प्रति वर्ष लगभग 30 ग्राम है। वजन नियंत्रित करने की चाह रखने वाले अधिकांश लोगों के लिए यह मात्रा बहुत मायने नहीं रखती। अंत में इस विश्लेषण में कॉफी में कैफीन की मात्रा में परिवर्तनशीलता पर विचार नहीं किया गया यह सिर्फ प्रति कप कैफीन की एक मानक मात्रा मान ली गई। हालांकि अब इस विषय पर और अध्ययन पर बल दिया गया है।

### अमेरिका में तीन अध्ययन किए गए कंपाइल

यूएसए के तीन बड़े अध्ययनों से डेटा को कंपाइल किया था। हेल्थ प्रोफेशनल फॉलो-अप अध्ययन में 50,000 से अधिक पुरुष स्वास्थ्य पेशेवर शामिल हैं और आहार और स्वास्थ्य परिणामों के बीच संबंधों की जांच की गई थी। यह अध्ययन यह साबित नहीं करता सका कि कॉफी का सेवन वजन में बदलाव का असली कारण है। बल्कि, यह दर्शाता है कि समय के साथ दो बदलाव एक साथ देखे गए।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl